INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
DAVP-: 134220

Sweety
BY
MR GROUP
Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-231 | मथुरा, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay



प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

सांध्य दैनिक
# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-231 | मथुरा, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### जैसलमेर में निजी बस में आग लगने से हुई 20 लोगों की मौत से लगने लगा डर

# आग ने खोली बसों में अवैध पार्सल ढुलाई की पोल

प्रमुख संवाददाता



### बसों में यात्रा करने वालों का दिल करता धक-धक

### बसों में कौन यात्री क्या ले जा रहा है पता नहीं

### पांच सौ रुपये के लालच में कंडक्टर ले जाते हैं पार्सल

### पार्सलों में क्या सामान, कौन मालिक नहीं पता

**यूनिक समय, मथुरा।** राजस्थान के जैसलमेर में कल एक निजी बस में पटाखों से लगी आग से हुई 20 यात्रियों की मौत को लेकर मथुरा में दौड़ने वाली सरकारी और निजी बसों को चलाने वाले कठघरे में खड़े हो रहे हैं। दीवाली जैसे प्रमुख त्यौहार और छठ मेला को अपने घरों में मनाने के लिए लोग बड़ी संख्या में सरकारी और निजी बसों का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह किसी को नहीं मालूम कि वह इन बसों से घर पहुंच पाएंगे या नहीं। वजह सभी यात्रियों के मन में राजस्थान के जैसलमेर में हुआ बस हादसा कौंध रहा है। यदि उनकी बस किसी हादसे का शिकार हो गई तो कौन जिम्मेदार होगा।

कई यात्रियों ने अपना नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि सरकारी और निजी बसों में यात्रा करने में दिल धक-धक करता है। यात्रा पूरी होगी या नहीं। क्योंकि बस के चालक और परिचालक थोड़े से लोभ के चक्कर में यात्रियों की जान से खेलते हैं। बस चलने से पहले से कई लोग पार्सल बसों में रखते हैं और परिचालक को पांच सौ रुपये थमाते हैं। पार्सल के साथ मालिक या उसका कोई आदमी नहीं जाता है। हैरानी की बात तो यह है कि इस पार्सल के अंदर क्या है। शायद परिचालक को पता नहीं होता है। उसे पांच सौ रुपये प्रति पार्सल से मतलब होता है। यात्रियों की मानें तो जैसलमेर में बस हादसा भी ऐसे ही सुविधा शुल्क का दुखद परिणाम है। इस हादसे में करीब 20 यात्रियों की मौत हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि यूपी शासन ने परिवहन निगम की बसों में पार्सल ले जाने पर प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन बस चालक और परिचालक (कंडक्टर) अपनी जेब को भरने के चक्कर में पार्सलों को बसों में ले जाते हैं। रास्ते में चेकिंग दल भी पार्सलों के बारे में नहीं पूछते कि इस पार्सल की लगेज टिकट कहां हैं। भले ही इन पार्सलों में विस्फोटक पदार्थ की क्यों न हो। दो तीन साल पहले मथुरा के पुराने बस स्टैंड पर अलीगढ़ से आई एक परिवहन निगम की बस में धमाके के साथ आग लगी थी। उसमें एक यात्री की मौत भी हुई थी। प्रारंभिक जांच में पता चला था कि बस में किसी ने ज्वलनशील पदार्थ की कैन मथुरा के लिए भेजी थी। इस कैन को भेजने वाले का कोई पता नहीं चला, लेकिन एक परिवार का मुखिया हमेशा के लिए पत्नी और बच्चों से दूर चला गया। वहीं दूसरी ओर आगरा से दिल्ली तक निजी बस दौड़ रही हैं। इन बसों को कोई रोकने टोकने वाला नहीं है। बसों में कौन-कौन यात्री क्या ले जा रहा है। शायद बसों के परिचालकों को मालूम हो। वह अपने किराए के चक्कर में यात्रियों को भरकर ले जा रहे हैं। इन डग्गेमार बसों को रोकने के लिए शासन के स्पष्ट आदेश हैं कि बिना परमिट वाली बसों को हाईवे पर चलने से रोका जाए, किंतु एआरटीओ एवं स्थानीय प्रशासन महीने में एक-दो दिन कार्यवाही कर इतिश्री कर लेता है।

# दीपोत्सव पर देखभाल कर खरीदें मिठाइयां, लोगों की जिंदगी से खिलवाड़



### नकली मावा, नकली पनीर, नकली रंग

### मावा और पनीर की सफेदी बनाने में नील और टिनोपाल का प्रयोग

### छापेमारी के बाद भी नही मान रहे कुछ कारोबारी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** दीपोत्सव पर सबसे अधिक मिठाई बिकेगी। इसके पीछे की वजह साफ है कि इस त्यौहार पर घर-घर में मिठाई की चाहत होती है। साथ ही ऑफिस में कर्मचारियों के लिए मिठाई बंटेगी तो कई बड़े कंपनी के मालिक भी एक दूसरे के यहां गिफ्ट में मिठाई भेजेंगे। प्रश्न यह उठता है कि दीपोत्सव पर बनने वाली मिठाई की शुद्धता कितनी है। कई कारखानों में ऑर्डरों को पूरा करने के लिए रात-दिन मिठाई बनाने का काम शुरू हो गया है। कई कारखानों में नकली मावा, पनीर, सस्ते घी और तेल से मिठाई बनाई जा रही है। यहां कोई देखने वाला नहीं है। मिठाई बनाए और डिब्बों में पैक करो और बाजार में बेचने के लिए भेज दो। पिछले दिनों खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारकर नकली खोआ और पनीर को नष्ट कराया था। तेल के नमूने लिए थे। इसी से अंदाज लगाया जा रहा है कि त्यौहार पर कुछ कारोबारी आम लोगों की जिंदगी के साथ कैसे खिलवाड़ करेंगे।

यूपी के एक शहर में खाद्य विभाग की टीम द्वारा मारे गए छापे में यह पकड़ में आया कि नकली पनीर बनाने में दूध की बजाय पाम आयल, डिटर्जेंट, यूरिया और सिंथेटिक कैमिकल के साथ नील और टिनोपाल का उपयोग किया जा रहा है। इसी तरह से एक पाउडर से खोआ (मावा) तैयार किया जा रहा है। डॉक्टरों की मानें तो दीपोत्सव पर कई किस्म की मिठाईयां बन रही हैं और बनेंगी। इनमें रंगों का भी प्रयोग किया जा रहा है। यह रंग कितने खतरनाक होते हैं कोई कल्पना नहीं कर सकता। रंगों के साथ चांदी का नकली वर्क भी मिठाइयों पर लगाया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि लोग दीवाली पर रंगीन मिठाइयों के साथ नकली खोआ और पनीर से बनीं मिठाइयों के सेवन करने से बचें। यह मिठाईयां लोगों को बीमार भी कर सकती हैं। जानकार सूत्रों का कहना है कि दीपोत्सव से पहले मथुरा जिले के बाजारों में बड़े पैमाने पर नकली खोआ और पनीर का कारोबार शुरू हो चुका है।

इस कारोबार के सहारे कुछ कारोबारी लखपति भी बन जाएंगे, उनको इस बात से सरोकार नहीं है कि बच्चे बीमार पड़ें या फिर बड़े। उनको अपने घर की तिजोरी भरनी हैं।

कहने का तात्पर्य है कि खाद्य विभाग की टीम की छापेमारी के बाद भी नकली मावा और पनीर का कारोबार नहीं रुक रहा है। पिछली दीवाली पर भरे सैंपलों में अधिकांश आए हैं फेल। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

**तैयारी** | ब्रजभूमि में 26 अक्टूबर से शुरू होगा भव्य ब्रज रज उत्सव

# तैयारियों का जायजा लेने को डीएम ने की बैठक



उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह बैठक की अध्यक्षता करते हुए, साथ हैं एसएसपी श्लोक कुमार व ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ एसबी सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** दीपावली की रौनक के बाद ब्रजभूमि में एक बार फिर त्योहारों का माहौल दिखाई देगा। 26 अक्टूबर से 5 नवंबर तक धौली प्याऊस्थित रेलवे ग्राउंड पर भव्य ब्रज रज उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस वर्ष उत्सव में स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल और 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' थीम पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि काऊ शो का शुभारंभ कर श्रेष्ठ गोपालकों को सम्मानित किया जाए और सभी विभागों को साफ-सफाई, स्वास्थ्य, विद्युत, यातायात एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए कदम उठाने होंगे। एसएसपी श्लोक कुमार ने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि पूरे आयोजन क्षेत्र में कंट्रोल रूम, बैरिकेडिंग और निगरानी व्यवस्था लागू की जाएगी। उन्होंने पार्किंग, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर भी विस्तृत चर्चा की। बैठक में ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि उत्सव में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिताएं, शिल्प मेला, फूड कोर्ट, झूले और जॉय राइड्स, लोक कला मंचन और स्वदेशी प्रदर्शनी प्रमुख आकर्षण होंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा। मेला प्रातः 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक, विद्यालय एवं विभागों की प्रस्तुतियां दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक, स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक, मुख्य अतिथि कलाकारों की प्रस्तुति सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होंगी। उत्सव में भाग लेने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु और पर्यटक मथुरा पहुंचेंगे, जिससे ब्रजभूमि में एक बार फिर त्योहारों की उमंग और सांस्कृतिक रंग छा जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त जगप्रवेश, विकास प्राधिकरण सचिव अरविंद द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, सीएमओ डॉ. राधावल्लभ, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार सिंह, जिला उद्योग केंद्र के जीएम रामेन्द्र कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंपर धान की आमद से मंडी में अव्यवस्था

### कल मथुरा मंडी रहेगी बंद

**यूनिक समय, मथुरा।** कृषि उत्पादन मंडी समिति मथुरा की व्यापार समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 अक्टूबर को मंडी पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इस दौरान किसी प्रकार की खरीद-फरोख्त नहीं की जाएगी। समिति के अध्यक्ष चौधरी राधाचरण ने बताया कि हाल के दिनों में धान की बंपर आमद के चलते मंडी परिसर में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई है। भीड़ और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की अधिकता के कारण जाम की समस्या लगातार बढ़ रही है। इस स्थिति पर नियंत्रण और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए मंडी बंद करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि मंडी सचिव को भेजे गए पत्र में यह सुझाव दिया गया है कि धान से भरे ट्रैक्टरों का प्रवेश रात्रि 2 बजे से सुबह 11 बजे तक ही हो, ताकि भीड़भाड़ कम रहे साथ ही खाली ट्रैक्टरों को मंडी परिसर के बाहर ही खड़ा किया जाए। इस संबंध में मंडी सचिव रेनू वर्मा ने बताया कि समिति का पत्र प्राप्त हो चुका है। किसानों और व्यापारियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बताते चलें कि इन दिनों मंडी में धान से लदी ट्रॉलियों की कतारें लगने के कारण जाम और मजदूरों की कमी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं, जिससे मंडी की सामान्य गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं।

### फरह टोल प्लाजा का हालः सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं

# रोजाना 65 लाख रुपये की आमदनी, फिर भी असुविधाएं




मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** आगरा–दिल्ली नेशनल हाईवे–19 स्थित फरह टोल प्लाजा से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन यहां की व्यवस्थाएं वाहन चालकों के लिए किसी परेशानी से कम नहीं हैं। फरह टोल से प्रतिदिन करीब 25 से 26 हजार वाहन निकलते हैं। इनमें लगभग 15 हजार कारें तथा 10 से 11 हजार छोटे–बड़े वाणिज्यिक वाहन शामिल हैं। टोल से निकलने वाले वाहन से राजस्व भी किसी बड़े आंकड़े से कम नहीं है। सूत्रों के अनुसार, फास्टैग से रोजाना करीब 64 लाख रुपये की आमदनी होती है, जबकि लगभग 15 हजार राशि नकद और पेनल्टी के रूप में वसूल की जाती है। यानि कुल फरह टोल प्लाजा से रोजाना गुजरते हैं 25 हजार से अधिक वाहन, फिर भी सुविधाओं का वाहन चालकों का कहना है कि जगह–जगह गड्ढे, रात में पर्याप्त प्रकाश की कमी, पेयजल व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। कई बार वाहन चालकों को लंबी कतारों में घंटों फंसे रहना पड़ता है, जिससे यहां से निकले वाले वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ती है। वाहन चालक राजेश कुमार ने बताया कि हम रोज यहां से गुजरते हैं। टोल तो पूरा वसूला जाता है, लेकिन सड़क पर गड्ढे भरे पड़े हैं। कई बार गाड़ियां खराब हो जाती हैं। वाहन चालक पवन वर्मा का कहना है कि रात

### रोजाना गुजरते हैं 25 हजार से अधिक वाहन

### वाहन चालकों ने जताई नाराजगी

में लाइट की व्यवस्था बेहद खराब है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कार चालक अनिल ने कहा कि टोल कर्मी पेनल्टी के नाम पर मनमानी करते हैं। फास्टैग काम न करने पर सीधे कैश वसूली कर लेते हैं, इसके बाद भी फास्टैग से रुपये कट जाते हैं। कार चालक उमाशंकर ने बताया कि सुविधा केंद्र में साफ–सफाई नहीं रहती, पानी तक की व्यवस्था ठीक नहीं है, और बाद गांव के पुल पर बनने के कुछ ही समय बाद रोड खराब हो गया था।




## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार में पर बोले वक्ता, नारी का स्वस्थ्य होना जरूरी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** आई.ओ.पी. कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. पी.के. सारस्वत ने किया। उन्होंने कहा कि नारी एक परिवार की रीढ़ होती है। वह एक बेटी, बहन, पत्नी और माँ के रूप में पूरे परिवार की देखभाल करती है। लेकिन यदि वही नारी स्वस्थ न हो, तो वह न अपने कर्तव्यों को निभा सकती है, और ना ही पूरे परिवार को संभाल सकती है। स्वस्थ नारी का अर्थ केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ होना नहीं है, बल्कि उसका मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी सशक्त होना जरूरी है। अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ. विवेक शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम अधिकारी हेमेन्द्र कुमार ने कहा कि जिस घर में महिलाएँ स्वस्थ, खुश और सशक्त होती हैं, वहाँ परिवार भी खुशहाल और संगठित होता है। इस अवसर पर, प्रो. सरला शर्मा, प्रो. अनंत कुमार यादव, प्रो. योगेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, प्रो. संजय कुमार सिंह, प्रो. दीपिका वर्मा, डॉ. के. एल. अग्रवाल, डॉ. वीरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. निधि सिंह, डॉ. अनुज कुमार, श्रीमती मृदुला पाण्डेय तथा पवित्र गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## दीवाली पर 16 अक्टूबर को होगी गरबा डांस नाइट



अग्रवाल क्लब परिवार के सदस्य।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अग्रवाल क्लब परिवार के बैनर तले दीपावली पर 16 अक्टूबर को रात्रि 8:00 बजे से ट्यूलिप रिसोर्ट सरस्वती कुंड पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें मथुरा नगर के नागरिकों को ना सिर्फ भारतीय संस्कृति के अनुरूप शानदार कार्यक्रम इंजॉय करने का मौका मिलेगा। बल्कि विभिन्न स्टॉलों पर चटपटी चाट का चटकारा लेने का भी मौका मिलेगा। इसके साथ ही कुछ स्टॉलों पर दीवाली से संबंधित सामान खरीदने का भी मौका मिलेगा। दीपावली पर अच्छे और आधुनिक परिधानों का फैशन शो कार्यक्रम भी होंगे। इसमें भारतीय संस्कृति के अनुरूप त्योहार पर ट्रेडिशनल परिधानों का शानदार कलेक्शन सभी को मंच पर देखने को मिलेगा। इस अवसर पर होने वाले गरबा डांस नाइट में जानी मानी सिंगर रिया भट्टाचार्य अपनी जादुई आवाज से सभी को गरबा खेलने पर मजबूर करेंगी। सभी सहयोगियों की बैठक में व्यवस्थाओं को लेकर मंथन किया। मुख्य अतिथि आगरा मंडल के कमिश्नर शैलेंद्र कुमार सिंह एवं आगरा मंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश पांडेय होंगे। विशिष्ट अतिथि जिला अधिकारी सी पी सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार होंगे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि मन्नत ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर रितेश अग्रवाल होंगे। स्वागत अध्यक्ष जीतू गर्ग एवं स्वागत मंत्री विपिन अग्रवाल होंगे। संस्थापक अजय कांत गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में सभी पदाधिकारी एवं सदस्य लगे हुए हैं।

## बैठक में पूर्व सैनिकों से प्राप्त शिकायतों–सुझावों पर मंथन



बैठक को संबोधित करते पॉलीक्लिनिक प्रभारी कर्नल एस आर अटल।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों के हितार्थ पॉलीक्लिनिक प्रभारी कर्नल एस आर अटल की अध्यक्षता में बैठक हुई। संबोधित करते हुए ईसीएचएस प्रभारी ने मथुरा पॉलीक्लिनिक से संबद्ध अस्पतालों, पूर्व सैनिक आश्रितों के ईसीएचएस कार्ड को यथा समय नियम अनुसार अपडेट कराने, दवाइयां की उपलब्धता न होने पर स्थानीय मेडिकल स्टोर से खरीदने के नियमों की जानकारी दी। बैठक में कॉर्डिनेटर उत्तर प्रदेश इंडियन एक्स सर्विसेज लीग खेम चंद्र शर्मा नगेश ने पूर्व सैनिकों से प्राप्त शिकायतों/ सुझावों से अवगत कराया। बैठक में कैप्टन जवाहरलाल, विजय शर्मा, तेजपाल सिंह, भरत शर्मा, सूबेदार बीपी सिंह, हितेश, सुरेश चंद, मोहन सिंह, तारा सिंह, नवरत्न सिंह, श्रीमती चंद्रवती, श्रीमती उषा रानी आदि उपस्थित थे।

## अंबाखार के प्राचीन अक्रूर भवन के जीर्णोद्धार को दिया डीएम को ज्ञापन

**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्णापुरी अंबाखार स्थित प्राचीन श्री अक्रूर भवन (श्री अक्रूर मंदिर) के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए डीएम सीपी सिंह से नवनीत, वीवीएस राष्ट्रीय संयोजक अनिल वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, किशोर वार्ष्णेय, राजेश वार्ष्णेय, आकाश नवरत्न, शुभम वार्ष्णेय एवं जुगल वार्ष्णेय ने मुलाकात कर ज्ञापन दिया।

### रावण दहन की तैयारियां जोरों पर

## 60 फुट के रावण का दहन होगा मुख्य आकर्षण



रावण दहन लीला स्थल गऊघाट पर चल रहे कार्य का निरीक्षण करते रामलीला कमेटी के प्रधानमंत्री योगेन्द्र चतुर्वेदी एडवोकेट (योगी) के साथ अन्य पदाधिकारी।

### रावण दहन लीला स्थल का पदाधिकारी व निगम अधिकारियों ने किया निरीक्षण

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** बाल रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव में 17 अक्टूबर को होने वाले रावण दहन की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। रावण दहन की तैयारियों के संबंद्ध में जानकारी देते हुए कमेटी के प्रधानमंत्री योगेन्द्र चतुर्वेदी एडवोकेट योगी ने बताया कि सभी पदाधिकारी पूरी तन्मयता से तैयारियों में लगे हुए हैं। आज रावण दहन स्थल पर निगम अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस बार रावण दहन लीला में 60 फुट का रावण व आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी।

### यात्रियों की सुविधा के लिए बसों के अतिरिक्त फेरे लगाने की योजना शुरू

# चालक–परिचालक को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

विशेष संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने आगामी त्यौहारों को लेकर यात्रियों की सुविधा के लिए बसों के अतिरिक्त फेरे लगाने की योजना शुरू की है। 18 से 30 अक्तूबर तक चलने वाली इस योजना में, अतिरिक्त फेरों पर परिवहन निगम प्रोत्साहन राशि देगा। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुगमता से उनके गंतव्य तक पहुंचाना है, जिससे उन्हें टिकट मिलने में आसानी हो और प्रतीक्षा कम हो। क्षेत्रीय प्रबंधक आगरा ब्रह्मप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि दीपावली व छठ पर्व पर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था उपलब्ध होगी। 18 से 30 अक्टूबर तक अधिक से अधिक बसें संचालित की जाएंगी। इसी दौरान ड्राइवरों, कंडक्टरों व अन्य के लिए प्रोत्साहन योजना भी प्रभावी होगी। प्रोत्साहन अवधि में ड्राइवरों, कंडक्टरों कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसमें संविदा व आउटसोर्सिंग के ड्राइवरों व कंडक्टरों को भी लाभ मिलेगा, जो न्यूनतम 12 दिनों में दैनिक रूप से निर्धारित औसत किलोमीटर का संचालन करते हैं तो 400 रुपये प्रतिदिन की दर से एकमुश्त 4800 रुपये का विशेष प्रोत्साहन का भुगतान मिलेगा। इस अवधि में औसतन 300 किलोमीटर प्रतिदिन का संचालन करना होगा। यदि कर्मचारी प्रोत्साहन अवधि तक ड्यूटी करते हैं व किलोमीटर का मानक पूरा करते हैं, तो 450 रुपये प्रति दिवस की दर से कुल 5850 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा ड्राइवरों व कंडक्टरों को प्रोत्साहन अवधि में निर्धारित मानक से अधिक किलोमीटर अर्जित करने पर अतिरिक्त किलोमीटर पर 55 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से अतिरिक्त मानदेय दिया जाएगा। वहीं प्रोत्साहन अवधि में 13 दिन लगातार ड्यूटी करने वाले डिपो कार्यशाला व क्षेत्रीय कार्यशाला में कार्यरत कार्मिकों को एकमुश्त 2500 रुपये व 12 दिन ड्यूटी करने वाले कार्मिकों को एकमुश्त 2100 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## वृंदावन सेवा संस्थान में कल मनेगा दीपोत्सव

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृंदावन सेवा संस्थान के तत्वावधान में 16 अक्टूबर को सायं 5 बजे से दीपोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह होगा। यह कार्यक्रम गोपाल वाटिका, निकट सुवटी देवी स्कूल के पास होगा। संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं की ओर से रंगोली, दीप सज्जा और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। भारत माता की रंगोली पर दीपदान भी किया जाएगा। संस्थान की 19 छात्राओं को पैर की सिलाई मशीनें, 8 ब्यूटी पार्लर किट और कंप्यूटर के उपकरण, पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी संस्थान के अध्यक्ष लक्ष्मण सर्राफ एवं निदेशक विश्वनाथ गुप्ता ने दी।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर हुआ भीषण हादसा

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को रौंदा

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना बलदेव के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन संख्या 126 पर रात को बाइक से आते दो सगे भाइयों को किसी वाहन ने रौंद दिया। दुर्घटना में बड़े भाई की मौत हो गई और छोटा हॉस्पिटल में मौत और जिंदगी से जूझ रहा है। महादेव नगर, फिरोजाबाद निवासी मनीष (25) अपने छोटे भाई नरेंद्र कुमार के साथ दिल्ली से शादी के लिए सामान खरीद कर बाइक से बीती रात घर के लिए लौट रहा था। बाइक को छोटा भाई नरेंद्र कुमार चला रहा था। यमुना एक्सप्रेस वे पर बलदेव थाना क्षेत्र के माइल स्टोन संख्या 126 पर बाइक को

### बड़े भाई की मौके पर मौत, छोटा मौत-जिंदगी से जूझा

किसी तेज गति से आते वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों भाई बुरी तरह से घायल हो गए। दुर्घटना का पता लगने पर मौके पर पीआरवी, बलदेव थाने की पुलिस और यमुना एक्सप्रेस वे के कर्मचारी पहुंच गए। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही मनीष ने दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल नरेंद्र कुमार को पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से हॉस्पिटल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दुर्घटना में मृत मनीष के परिवारीजनों को सूचना दे दी गई। इसके बाद ही पुलिस ने मनीष के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शादी से 18 दिन पहले ही मौत के क्रूर हाथों ने छीन लिया जीवन

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मौत के क्रूर हाथों ने एक शादी के बंधन में बंधने से 18 दिन पहले ही सुहाग का जोड़ा पहनने वाली युवती का सुहाग उजाड़ दिया। दुर्घटना में हुई मनीष की मौत दोनों ही परिवारों को गहरा सदमा दे गई। फिरोजाबाद के महादेव नगर में रहने वाले मनीष के पिता राकेश ने उसकी शादी शिकोहाबाद में तय कर दी थी। दोनों घरों में शादी की तैयारियां चल रही थीं। मनीष की शादी 3 नवंबर को होनी थी। इसके लिए सामान की खरीदारी की जा रही थी। मनीष भी अपने छोटे भाई नरेंद्र के साथ दिल्ली से सामान खरीद कर बाइक से लौट रहा था। घर पर परिवार के लोग उसका इंतजार कर रहे थे। शायद होनी को तो कुछ और मंजूर था। मौत के क्रूर हाथों2 ने शादी से पहले ही उसके जीवन की डोर को तोड़ दिया।

## कर्ज और गरीबी ने ली ऑटो चालक की जान, परिवार तबाह

**यूनिक समय, मथुरा।** कर्ज से तंग एक ऑटो चालक योगेश (38) ने अपनी पत्नी रेनू (35) और तीन बच्चों सहित विषाक्त खाकर जान देने की कोशिश की, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई। यह हृदय विदारक घटना रिफाइनरी थाना क्षेत्र के टाउनशिप की राधा बिहार कॉलोनी (फौजी कॉलोनी) में घटित हुई। योगेश, मूल निवासी महावतपुर, सादाबाद (हाथरस), अपनी पत्नी और बच्चों मानसी (12), गिरधर (8) और एक अन्य 10 वर्षीय बेटी के साथ किराये के मकान में रहता था। गरीबी और कर्ज के बोझ तले दबे योगेश पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब फरह क्षेत्र में एक कर्जदार ने उससे मारपीट कर उसका टैंपो छीन लिया। इस घटना से आहत होकर, योगेश ने बीती रात लगभग 10:30 बजे घर लौटकर पत्नी और बच्चों को सारी बात बताई। इसके बाद उसने स्वयं विषाक्त खाया और पत्नी रेनू को भी दिया। बेटी मानसी ने बताया कि माता-पिता के बाद उन्होंने भी पानी में घुले विषाक्त की कुछ बूंदें पीं।

बच्चों के हिस्से में विषाक्त की मात्रा कम होने से उनकी जान बच गई, लेकिन माता-पिता की हालत बिगड़ती देख उन्होंने पड़ोसियों से मदद मांगी। पड़ोसियों ने योगेश और रेनू के मुंह से झाग निकलते देखा तो तत्काल उन्हें जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें आगरा रेफर कर दिया गया, जहां दोपहर में उपचार के दौरान योगेश ने दम तोड़ दिया। पत्नी रेनू की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## जीआरपी ने किशोरी को ट्रेन से किया बरामद



जीआरपी थाना पुलिस एवं परिजनों के साथ किशोरी।

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** बांद्रा टर्मीनल स्पेशल फायर एसी सुपर फास्ट ट्रेन से घर से नाराज होकर आई एक किशोरी को राजकीय रेलवे पुलिस ने मथुरा जंक्शन पर ट्रेन से उतार कर परिवार के सुपुर्द कर दिया। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह ने बताया कि उन्हें इस तरह की सूचना मिली कि बांद्रा टर्मीनल स्पेशल फायर एसी सुपरफास्ट ट्रेन से पलक तिवारी (14) निवासी 57 ए बाबा हरिदास कॉलोनी टिकरी कलान वेस्ट दिल्ली ट्रेन से आ रही है। बच्ची को मां ने पढ़ाई छोड़ कर मोबाइल फोन चलाने को लेकर डांट दिया था। इसके चलते वह घर से चली आई है। इस पर उप निरीक्षक प्रवेंद्र कुमार, क्यूआरटी ओर महिला मुख्य आरक्षी शबाना बानों ने ट्रेन आने पर किशोरी को तलाश किया गया। बच्ची को ट्रेन के कोच नंबर आठ से बरामद कर लिया गया। महिला हैल्पडेक्स पर बैठा कर शबाना बानों ने उससे पूछताछ करने के बाद उसके परिवारीजनों को उसके सकुशल मिलने की सूचना की। बच्ची के परिवार के लोग थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन पर आए पुलिस ने बच्ची को उनके सुपुर्द कर दिया। बच्ची के मिलने पर परिवार के लोगों ने पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की।

### जीआरपी मिशन शक्ति टीम की उपलब्धि

## रेलवे स्टेशन गोवर्धन पर मिली दो मासूम बालिकाएं



जीआरपी थाना पुलिस दो बालिकाओं को उनके परिजनों को सौंपते हुए।

कार्यालय प्रतिनिधि

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा जंक्शन जीआरपी की टीम ने दो लावारिस बालिकाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिवार से मिलवा दिया।

जीआरपी को सूचना प्राप्त हुई थी कि रेलवे स्टेशन गोवर्धन पर दो बालिकाएं बिना किसी अभिभावक के बैठी हुई हैं। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक प्रवेन्द्र कुमार तथा महिला हेड कांस्टेबल शबाना बानो बिना देर किए मौके पर पहुंचे। दोनों बालिका सरजीना (7 वर्ष) व सहन्जू (10 वर्ष) पुत्रियां सरपुदीन, निवासी उँटवाल, उन्त्पल, अलवर (राजस्थान) को पुलिस ने संरक्षण में लेकर सुरक्षा की दृष्टि से महिला हेल्प डेस्क, थाना जीआरपी लाया गया। महिला

### अलवर से आए परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

हेल्प डेस्क पर बालिकाओं से संवाद कर पुलिस टीम ने सूझबूझ के साथ उनके घर का पता और परिजनों के संपर्क नंबर प्राप्त किए। तत्परता दिखाते हुए जीआरपी टीम ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद उनकी मां रुकसीना पत्नी सरपुदीन और नाना रहमत पुत्र छितर निवासी पाडला हिंगोटा, भरतपुर (राजस्थान) थाना पहुंचे। परिजनों ने बालिकाओं की पहचान की, इसके बाद दोनों मासूमों को हिदायतों के साथ सुपुर्द कर दिया।

## दीवाली पर नए मकान में प्रवेश की तमन्ना होगी पूरी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** हर किसी का सपना होता है अपने एक घर का। वह इंतजार करते हैं शुभ दिन का। वह शुभ दिन आ गया दीवाली का। पूरा परिवार इस दिन नए मकान में प्रवेश कर पहली दीवाली मनाएगा। जिले में एक नहीं सैकड़ों लोग दीवाली का इंतजार कर रहे थे। उसकी वजह थी कि नए मकान में प्रवेश। मकान ही नहीं बल्कि नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ करेंगे। लोगों ने एक मकानों को पूरी तरह से तैयार करा लिया है। रंगाई पुताई पूरी कराकर विद्युत की रंग बिरंगी झालरों को लगाने का काम शुरू कर दिया है। गृह प्रवेश के लिए रिश्तेदारों और मित्रों को बुलाने के लिए निमंत्रण भी भेजना शुरू कर दिया है।

### शहर में कई नए प्रतिष्ठान भी खुलने की तैयारी में

अब नए मकान मालिकों को इंतजार है तो 20 अक्टूबर का। पंडितों से शुभ मुहूर्त का समय निकलवाकर तैयार कर लिया है। पंडितों की मानें तो नए मकान में गृहप्रवेश के लिए दीवाली से अच्छा कोई और समय नहीं होता। नए मकान में पहली होली नहीं मनाई जाती है। इसलिए लोग दीवाली को अच्छा त्यौहार मानते हैं। कई व्यापारियों ने अपने नए प्रतिष्ठानों को खोलने के लिए दीवाली को चुना। वह भी शुभ मुहूर्त में शुभारंभ करेंगे।

## शराब ले जाते दो गिरफ्तार 38 क्वाटर देशी शराब बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन पुलिस ने दो अभियुक्तों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर 38 देशी शराब के क्वाटर बरामद किए हैं। महावन पुलिस ने अभियुक्त इमरान निवासी कुआं वाली गली दुर्गा मेडिकल स्टोर के समीप औरंगाबाद को महावन-बलदेव रोड चिंताहरण महादेव के निकट से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 18 क्वाटर देशी शराब बरामद की है। इसी तरह पुलिस ने टेलर वाली गली कुम्हार मौहल्ला औरंगाबाद निवासी छोटेलाला उर्फ छोटू को 11 नंबर तिराह के समीप से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पुलिस ने 20 क्वाटर देशी शराब बरामद की है।




### पेट्रोल पंप पर फौजी ने कार में 200 का भरवाया पेट्रोल

# दंबगई : रुपये मांगने पर सेल्समैन पर पिस्टल तानी

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना यमुनापार इलाके के एक पेट्रोल पंप पर बीती रात सेना के एक जवान ने कार में 200 रुपये का पेट्रोल भरवाया और सेल्समैन को बिना रुपये दिए जाने लगा। सेल्समैन के रुपये मांगने पर उसने पिस्टल निकाल धमकी दी। पिस्टल देख कर पेट्रोल पंप के कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस को भी इस बारे में बताया गया। सन्य अधिकारी इस मामले में जांच कर रहे हैं। बीती रात करीब साढ़े दस बजे एक कार

## घटना से पेट्रोल पंप के कर्मचारियों में मची भगदड़

## सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात

## सैन्य अधिकारी कर रहे मामले की जांच

लक्ष्मीनगर स्थित मां चंद्रावली पेट्रोल पंप पर आकर रुकी। कार में सवार सैनिक ने सेल्समैन हरिओम से दो सौ रुपये का पेट्रोल कार की टंकी में भरवाया। पेट्रोल लेने के बाद उसने रुपये नहीं दिए। रुपये मांगने पर सेल्समैन के साथ गाली–गलौज करने लगा।

इस बात को लेकर हुई कहासुनी में शराब के नशे में धुत्त सैनिक ने पिस्टल निकाल कर हरिओम पर तान दी। इस तरह पिस्टल हरिओम पर तानते देख वहां के कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। पुलिस को भी फोन पर सूचना दी गई। इस दौरान सैनिक कार को लेकर वहां से भाग गया। पेट्रोल पंप पर हुई ये घटना वहां लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को अपने कब्जे में लेकर सेल्समैन पर पिस्टल तानने वाले की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पिस्टल तानने वाले सैनिक की पहचान प्रताप नगर निवासी नवरत्न चौधरी के रूप में हुई है। उसकी पुलिस तलाश कर रही है। वह फिरोजाबाद आर्मी में तैनात है। इस घटना में सेल्समैन को कोई चोट नहीं आई है। उसने पिस्टल लहराई। उसके बारे में सैन्य अधिकारियों को सूचना दी गई है। सैन्य अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं।

# धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने किए श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन



**यूनिक समय, मथुरा।** बागेश्वर धाम के महंत धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने सांय 7:00 बजे श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन किए। श्रीकृष्ण–जन्मस्थान सेवा–संस्थान के सचिव कपिल शर्मा और सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने पटका ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। ढोल और मजीरे की मंगल ध्वनि के बीच, शास्त्री ने सर्वप्रथम भगवान श्रीकेशवदेव जी को माल्यार्पण किया। उन्होंने माँ योगमायाजी के दर्शन किए और श्रीगर्भ–गृह में पूजन कर भागवत भवन में श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार को पुष्पार्चन किया। सचिव कपिल शर्मा ने उन्हें जन्मस्थान के इतिहास और आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी। दर्शन के लिए आए सैकड़ों श्रद्धालुजन उन्हें अपने बीच पाकर अभिभूत हो उठे। शास्त्री जी ने सभी भक्तों का अभिवादन किया। इस दौरान, "बागेश्वर धाम की जय," और "जय श्रीराम" के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

# अचीवर्स किंग्स ने अचीवर्स ब्लास्टर्स को हराकर मैच जीता

विशेष संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अचीवर्स क्रिकेट अकादमी के बैनर तले चल रहे अंडर 13 क्रिकेट मैच के तीसरे दिन अचीवर्स किंग्स और अचीवर्स ब्लास्टर के मध्य मैच हुआ। इसमें अचीवर्स किंग्स ने अचीवर्स ब्लास्टर्स को हराकर मैच जीता। अचीवर्स क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित अंडर–13 के 50 ओवर प्रारूप के तीसरे रोमांचक क्रिकेट मैच का आयोजन बुधवार को हुआ। वरिष्ठ महिला खिलाड़ी सोनिया शर्मा ने टॉस उछालकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। अचीवर्स ब्लास्टर्स और अचीवर्स किंग्स के बीच मैच खेला गया। टॉस अचीवर्स ब्लास्टर्स के कप्तान धर्मेश भारद्वाज ने जीता और पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए अचीवर्स ब्लास्टर्स की पूरी टीम 34 ओवर में 130 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से सिद्धार्थ चौधरी ने 30 रन, धर्मेश भारद्वाज ने 25 रन और अर्जुन बोकरा ने 19 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अचीवर्स किंग्स की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 29.3 ओवर में मैच जीत लिया। टीम की जीत में आर्यन कुंतल ने नाबाद 71 रन की शानदार पारी खेली। मैच में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार यशिव भारद्वाज को प्रदान किया गया। इस अवसर पर अचीवर्स क्रिकेट अकादमी के मुख्य कोच पवन शर्मा, हिमांशु अग्रवाल, प्रशांत चौधरी, राजकुमार गौतम एवं हेमराज चौधरी आदि उपस्थित थे।

# महिला कल्याण टीम ने छात्राओं को किया जागरूक



मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं को जागरूक महिला कल्याण टीम के अधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान "मिशन शक्ति (फेज–5)" के अंतर्गत मथुरा के ब्रज धाम विद्या मंदिर, पाली डूंगरा (सौंख रोड) में "पार्टनर्स फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन एंड चिल्ड्रन" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य वातेन्द्र तथा शिक्षकगण ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों का दायित्व है कि वे बालिकाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता और सशक्तिकरण की भावना को प्रोत्साहित करें। वन स्टॉप सेंटर यूनिट प्रथम, मथुरा की टीम ने छात्राओं को सरकारी योजनाओं, कानूनी अधिकारों तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों– 1090 (वीमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 730 छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनके कानूनी एवं सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया गया कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी निरंतर किए जाएंगे, ताकि समाज में नारी सशक्तिकरण का संदेश और अधिक व्यापक रूप से प्रसारित हो सके।

# सैलरी आने से मथुरा के बाजार होने लगे गुलजार

कार्यालय प्रतिनिधि

## लोगों में खरीदारी का जोश, चेहरों पर मुस्कान

**यूनिक समय, मथुरा।** सरकारी कर्मचारियों के खाते में सैलरी आते ही बाजार गुलजार हो उठे हैं। शहर के प्रमुख बाजार होलीगेट, कृष्णा नगर, चौक बाजार, जन्मभूमि मार्ग, नया बस स्टैंड और वृंदावन रोड पर खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी। सायं से लेकर देर रात तक सड़कों पर लोगों की चहल–पहल देखने को मिल रही है। कपड़ों, जूतों, इलेक्ट्रॉनिक सामान, मिठाई और सजावट की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें दिखीं। व्यापारियों के मुताबिक सरकारी महकमे के लोगों की सैलरी आने से बाजार में रौनक शुरू हो गई है। महिलाएं साड़ी, ज्वेलरी और गृह सजावट के सामान की खरीदारी कर रही हैं, जबकि युवा मोबाइल और फैशन एक्सेसरीज में खासा उत्साह दिखा रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक और मोबाइल की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी भीड़ देखी जा रही है। युवा वर्ग मोबाइल एक्सेसरीज, गैजेट्स और नए फोन की खरीदारी में रुचि दिखा रहा है। भीड़ को देखते हुए नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। ट्रैफिक पुलिस ने बाजारों में रूट डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्था की है। नगर निगम टीम ने सफाई और रोशनी की स्थिति को भी दुरुस्त रखा है ताकि खरीदारों को किसी तरह की परेशानी न हो।

# छाता थाने में एएसपी ग्रामीण ने मिशन शक्ति 5.0 की समीक्षा

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना छाता में एएसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत समीक्षा बैठक की। उन्होंने महिला अपराधों से जुड़े हॉटस्पॉट स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और छेड़खानी के मामलों में आरोपियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। एएसपी ने बताया कि थाने में 74 विवेचनाएं लंबित हैं, जिन्हें 15 दिन में निस्तारित किया जाए। साथ ही 21 वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने महिला सुरक्षा को पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

# सपेरा समाज को मिलेंगे पीएम आवास



गांव आंवला सुल्तानपुर की सपेरा बस्ती में पीएम आवास के लिए जमीन का निरीक्षण करते परियोजना निदेशक अरुण कुमार उपाध्याय, साथ हैं बीडीओ नेहा रावत।

संवाददाता

## अधिकारियों ने देखी जमीन

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** यह समाचार सपेरा समाज के लोगों को खुशखबरी देगा। अधिकारियों ने बुधवार को गांव में जाकर पीएम आवास निर्माण के लिए निरीक्षण किया। आवास के लिए चिह्नित की जा रही जमीन को भी देखा। परियोजना निदेशक अरुण कुमार उपाध्याय और बीडीओ नेहा रावत क्षेत्र की ग्राम पंचायत आंवला सुल्तानपुर की सपेरा बस्ती में पहुंचे। सपेरा समाज के लोगों के लिए पीएम आवास निर्माण के लिए जमीन को देखा। इस दौरान अधिकारियों ने आवास की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए जमीन का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी नेहा रावत ने बताया कि सपेरा समाज के लिए पीएम आवास का निर्माण होना है, जमीन चिन्हित करने के लिए आज परियोजना निदेशक के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया। प्रधान से प्रस्ताव और जमीन की उपलब्धता बताने को कहा गया है। ग्राम पंचायत से प्रस्ताव मिलने के बाद सपेरा समाज को आवश्यकता के अनुरूप आवास बनाने के लिए सूची में शामिल किया जाएगा।

# चिकित्सा जगत से रूबरू हुई टूंडला की बेटियां



के.डी. डेंटल कॉलेज का शैक्षिक भ्रमण करती राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, टूंडला, फिरोजाबाद की छात्राएं।

## के.डी. डेंटल कॉलेज व राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी का शैक्षिक भ्रमण

**यूनिक समय, मथुरा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएमश्री (स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) पहल के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, टूंडला (फिरोजाबाद) की 195 छात्राओं ने मंगलवार को के.डी. डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल तथा राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को चिकित्सा और फार्मेसी क्षेत्र में हो रहे आधुनिक बदलावों और करियर संभावनाओं से अवगत कराना था। के.डी. डेंटल कॉलेज में आयोजित इंटरएक्टिव सत्र में डॉ. नवप्रीत कौर, विभागाध्यक्ष (सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा) ने दंत चिकित्सा विज्ञान, करियर विकल्पों और नीट परीक्षा की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दंत चिकित्सा केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मौखिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर लोगों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने में भी अहम भूमिका निभाती है। इसके बाद छात्राओं ने राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं– फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री, फार्मास्यूटिक्स, फार्माकोलॉजी और फार्मास्युटिकल एनालिसिस लैब का अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने दवा निर्माण की प्रक्रिया, प्रयोगशाला अनुभव और करियर संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कॉलेज के डीन डॉ. मनेष लाहौरी और फार्मेसी निदेशक डॉ. हिमांशु चोपड़ा ने छात्राओं की मेजबानी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल विकास में सहायक होते हैं। भ्रमण दल का नेतृत्व प्रधानाचार्या मुनिता पांडेय ने किया। टूर प्रभारी संगीता तोमर, सह प्रभारी माधुरी गुप्ता तथा शिक्षिकाएं अर्चना यादव, अनीता सिंह, विनीता त्यागी, नेहा जैन और प्रगति शाक्य ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



मदन चंद देवनाथ
(सभासद)
नगर पंचायत राधा कुंड
संपर्क सूत्र 9897633708
निवास स्थल राधा रानी परिक्रमा मार्ग राधा नगर कॉलोनी श्रीधाम राधाकुंड




गोवर्धन रोड पर श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के प्रांगण में आयोजित अक्षत महोत्सव में भाग लेने आए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लोगों को संबोधित करते हुए व मंचस्थ संत गण।

### सनातन एकता पदयात्रा का निमंत्रण

# धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ब्रजवासियों को बांटे पीले चावल

## सात नवंबर को निकलेगी दिल्ली से पदयात्रा

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन रोड स्थित श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के परिसर में आयोजित अक्षत महोत्सव में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सात नवंबर से दिल्ली से वृंदावन तक प्रारंभ होने वाली सनातन एकता पदयात्रा में शामिल होने के लिए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री समेत उनकी टीम के सदस्यों ने अक्षत महोत्सव में पीले चावल बांटकर ब्रजवासी साधु संत एवं धर्माचार्यों को आमंत्रण दिया। उन्होंने सभी से पदयात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। राधे–राधे के साथ उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत की। यहां की पावन भूमि पर रहने वाले साधु संत और ब्रजवासियों को चरण स्पर्श। आपने ऐसी पावन भूमि में जन्म लिया। आप धन्य हो। उन्होंने कहा कि आप सभी से दिल्ली से लेकर वृंदावन तक की पदयात्रा में शामिल होंगे तो बृज में अपनी कथा करने का वचन देता हूं। इसके बाद लोगों को संबोधित करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा– राम मंदिर बन चुका है, कृष्ण मंदिर भी बनेगा। मथुरा जन्म भूमि में भव्य मंदिर कौन–कौन देखना चाहता है। इस पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि हम देखना चाहते हैं। हमने भगवान कन्हैया से कहा– कृष्ण लला हम आएंगे, मंदिर यहीं बनाएंगे। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर जैसे ही मंच पर आए तो लोग उनको देखने के लिए नियंत्रण से बाहर होते नजर आए। जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे। इस मौके पर गीता मनीषी संत ज्ञानानंद महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, राहुल बंसल, रमाकांत गोस्वामी, मृदुलकांत शास्त्री, रविकांत गर्ग तथा आशीष गर्ग आदि उपस्थित थे। भीड़ को काबू में करने के लिए कई थानों की फोर्स भी लगाई गई।



अक्षत महोत्सव के शुभारंभ पर दीप प्रज्वलन करते गीता मनीषी संत ज्ञानानंद महाराज एवं बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री।



श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के प्रांगण में आयोजित अक्षत महोत्सव में उमड़ी भीड़ का नजारा।

## बागेश्वरधाम ने दिखाया चमत्कार

**यूनिक समय, मथुरा।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मंच से ऐसी घोषणा की कि सभी हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि इस स्थल पर यदि कोई कैंसर से पीड़ित व्यक्ति हैं तो उनकी गाड़ी के पास पहुंचे। उन्होंने बृज भूमि में अपना चमत्कार दिखाने की कोशिश की।



गिरिराज महाराज का पंचामृत अभिषेक करते रिसीवर कपिल चतुर्वेदी।

### "आपकी पूंजी, आपका अधिकार" अभियान

# जिला स्तरीय जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता शिविर का शुभारंभ

**यूनिक समय, मथुरा।** सेठ बी.एन. पोद्दार इंटर कॉलेज ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेले के दौरान वित्त मंत्रालय की पहल "आपकी पूंजी, आपका अधिकार" जन–जागरण अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष विषय पर जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर का उद्घाटन बुधवार को जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि "यह शिविर केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि उन लाखों जमाकर्ताओं के अधिकारों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है, जिनकी मेहनत की कमाई वर्षों से बिना दावे के बैंकों में पड़ी है। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्ष 2014 में डीईए फंड योजना की शुरुआत इसी उद्देश्य से की थी, ताकि दस वर्ष या उससे अधिक समय से निष्क्रिय बैंक जमा राशियों को सुरक्षित रखा जा सके। 31 मार्च 2024 तक डीईए फंड में 78,212.53 करोड़ और 30 जून 2025 तक 67,000 करोड़ की अतिरिक्त राशि स्थानांतरित की जा चुकी है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का योगदान सबसे अधिक 58,330.26 करोड़ है, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक ने अकेले 19,329.92 करोड़ जमा किए हैं। उन्होंने बताया कि अब 1 अक्टूबर से ई–कुबेर प्रणाली के माध्यम से बैंक ऑनलाइन पंजीकरण द्वारा इलेक्ट्रॉनिक दावे स्वीकार कर सकेंगे। उदगम पोर्टल के माध्यम से अपने या परिजनों के पुराने खातों की जानकारी लेकर दावा राशि प्राप्त करें।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक एके उपाध्याय, अग्रणी जिला प्रबंधक रवीन्द्र कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय प्रबंधक केनरा बैंक बरुण कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपी ग्रामीण बैंक आरएस वर्मा, एलडीओ भारतीय रिजर्व बैंक नितिन कुमार, डीडीएम नाबार्ड अभिषेक शुक्ला, शाखा प्रबंधक इंडियन ओवरसीज़ बैंक सुश्री चंचल पालिया, वरिष्ठ सलाहकार सीएफएल अमित चतुर्वेदी, अंशुल कुमार वार्ष्णेय आदि पदाधिकारी मौजूद रहें।




जिला स्तरीय जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता शिविर का शुभारंभ करते डीएम सीपी सिंह।

# रबड़ी अभिषेक से महका गिरिराज मंदिर परिसर

संवाददाता

**यूनिक समय, गोवर्धन।** कस्बा के मानसी गंगा मुकुट मुखारबिंद मंदिर में गिरिराज प्रभु का पंचामृत रबड़ी अभिषेक के साथ आठ दिवसीय गोवर्धन पूजा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मंदिर रिसीवर कपिल चतुर्वेदी ने भट्टी पूजन किया। गिरिराज प्रभु का फूल बंगला भी सजाया गया। आठ दिवसीय गोवर्धन पूजा महोत्सव में मानसी गंगा पर नाग–नागिन लीला, कालिया दहन की लीलाएं आयोजित की जाएंगी। 22 को गोवर्धन पूजा पर 100 पीपा देशी घी से निर्मित छप्पन भोग दर्शन व फूल बंगला सजाया जाएगा। गोवर्धन पूजा पर मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए अन्नकूट प्रसादी भी दिया जाएगा। इस अवसर प्रबंधक चंद्रविनोद कौशिक, गजेंद्र चौधरी, सुनील, मुरारी मास्टर एवं राम पचौरी आदि उपस्थित थे।

# कलश शोभायात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



**यूनिक समय, गोवर्धन।** चकलेश्वर स्थित श्री राधाबल्लभ मंदिर सौभरि कुंज में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा शुरू हो गई। महिला पुरुष नाचते थिरकते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। कथा व्यास आचार्य हरप्रसाद शास्त्री के साथ श्री श्री 1008 श्री रामलक्षन दास महाराज सिर पर श्रीमदभागवत ग्रंथ रख शोभायात्रा में चल रहे थे। शोभायात्रा में दिनेश शर्मा, शोभाराम शर्मा, मुरारी लाल प्रधान, बी पी शर्मा, हरदयाल पहलवान, सचिव नटवर गयाप्रसाद एवं राजाराम आदि शामिल थे।

"बोलती तस्वीर"

# भारतीय जुगाड़: हर चुनौती का समाधान!



एक मोटरसाइकिल जिसे सवारी और माल ढोने का काम बखूबी करने के लिए एक तीन–पहिया वाहन में बदल दिया गया है! यह दृश्य दिखाता है कि कैसे भारतीय 'जुगाड़' की भावना, रचनात्मकता और आवश्यकता से प्रेरित होकर, सीमित संसाधनों में भी हर चुनौती का समाधान ढूंढ लेती है। सुरक्षा नियम शायद नज़रअंदाज़ हैं, पर यह आत्मनिर्भरता की एक सशक्त तस्वीर है। फोटो क्लिक :यूनिक समय

## कई बीमारियों में देता है चमत्कारी फायदा

# दूध में उबालकर खाएं ये सफेद चीज, कमजोरी मिटेगी जड़ से

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों में कमजोरी, थकान और ऊर्जा की कमी आम हो गई है। खान–पान में पोषक तत्वों की कमी और गलत दिनचर्या इसके बड़े कारण हैं। लेकिन आयुर्वेद में बताया गया है कि अगर आप रोजाना दूध में एक खास सफेद चीज उबालकर खाते हैं, तो शरीर की कमजोरी जड़ से खत्म हो सकती है। यह चीज है मखाना। मखाने का दूध के साथ सेवन - एक संपूर्ण टॉनिक मखाना यानी फॉक्स नट या लोटस सीड्स को आयुर्वेद में अमृत समान बताया गया है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। जब इसे दूध में उबालकर खाया जाता है, तो यह शरीर के लिए एक संपूर्ण टॉनिक का काम करता है।



मखाना और दूध का मेल न सिर्फ शरीर को ताकत देता है बल्कि इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। रोजाना सुबह या रात को एक कप दूध में 8-10 मखाने डालकर उबाल लें और हल्का गुनगुना होने पर इसका सेवन करें। इन बीमारियों में होता है फायदा

**कमजोरी और थकान में राहत:** मखाने में मौजूद प्रोटीन और कैल्शियम शरीर को ऊर्जा देते हैं और थकान दूर करते हैं।

**शुगर कंट्रोल:** यह डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद माना जाता है क्योंकि इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है।

**दिल की सेहत:** मखाना कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित रखता है और हार्ट को मजबूत बनाता है।

**जोड़ों का दर्द:** इसमें पाए जाने वाले मिनरल्स हड्डियों और जोड़ों को मजबूती देते हैं।

**नींद की समस्या में राहत:** रात को दूध में मखाना उबालकर पीने से नींद अच्छी आती है और मानसिक शांति मिलती है।

**कैसे करें सेवन:** एक महीने तक रोजाना रात में सोने से पहले दूध में उबाले हुए मखानों का सेवन करें। चाहें तो इसमें थोड़ा सा शहद या इलायची पाउडर भी मिला सकते हैं। लगातार सेवन से शरीर में नई ऊर्जा आएगी और कमजोरी दूर होगी। विशेषज्ञों की राय आयुर्वेद विशेषज्ञों का कहना है कि मखाना प्राकृतिक एनर्जी बूस्टर है और इसका नियमित सेवन शरीर को अंदर से पोषित करता है। यह हर उम्र के लोगों के लिए सुरक्षित और लाभदायक है।




# सुबह नाश्ते में बनाएं पनीर और सब्जियों से भरपूर हेल्दी पैनकेक



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बच्चों को हेल्दी और टेस्टी नाश्ता खिलाना हमेशा एक चुनौती भरा काम होता है। ऐसे में अगर आप कुछ झटपट, पौष्टिक और स्वादिष्ट बनाना चाहती हैं, तो पनीर और सब्जियों से बना पैनकेक एक परफेक्ट ऑप्शन है। ये न सिर्फ हेल्दी है बल्कि बच्चों को भी खूब पसंद आता है। इसे आप नाश्ते या टिफिन दोनों में दे सकती हैं।

**पनीर पैनकेक के लिए ज़रूरी सामग्री** :1 कप कद्दूकस किया हुआ पनीर, 1 कप बेसन, 3 चम्मच चावल का आटा शिमला मिर्च, प्याज, गाजर और पत्ता गोभी (बारीक कटी हुई), हरी मिर्च और हरा धनिया (बारीक कटा), स्वीट कॉर्न (थोड़ा मैश किया हुआ)

**मसाले:** नमक, काली मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, चाट मसाला, फ्राई करने के लिए तेल,

**पनीर पैनकेक बनाने की विधि:**

**पहला स्टेप:** सबसे पहले एक बाउल में बारीक कटी हुई सभी सब्जियाँ डालें। इनमें मैश किए हुए स्वीट कॉर्न और कद्दूकस किया हुआ पनीर मिलाएँ।

**दूसरा स्टेप:** अब इसमें बेसन, चावल का आटा और सारे मसाले – नमक, काली मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और चाट मसाला डालें। थोड़ा पानी डालकर गाढ़ा बैटर तैयार करें ताकि पैनकेक की शेप आसानी से बन सके।

**तीसरा स्टेप:** अब तवा गर्म करें और हल्का तेल लगाकर ग्रीस करें। तैयार बैटर का एक हिस्सा तवे पर डालें और चम्मच की मदद से गोल आकार में फैलाएँ।

**चौथा स्टेप:** पैनकेक को धीमी आंच पर दोनों तरफ से सुनहरा और हल्का क्रिस्पी होने तक सेकें। इसी तरह बाकी बैटर से भी पैनकेक बना लें।

**पांचवां स्टेप:** तैयार पनीर पैनकेक को टोमेटो सॉस या हरी चटनी के साथ सर्व करें। इसे बच्चों के टिफिन में भी रख सकते हैं – ये ठंडा होने पर भी स्वादिष्ट लगता है।

**टिप्स:** अगर बैटर पतला हो जाए तो थोड़ा बेसन और मिला लें। स्वाद और पौष्टिकता बढ़ाने के लिए इसमें एक उबला आलू भी कद्दूकस करके डाल सकते हैं।

# साल में 13 महीने और सितंबर में नया साल: दुनिया का सबसे अनोखा देश इथियोपिया

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दुनिया के ज्यादातर देश जब ग्रेगोरियन कैलेंडर के हिसाब से 2026 की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं अफ्रीका का एक देश आज भी साल 2017 में जी रहा है।

यह अनोखा देश है इथियोपिया, जहां साल में 13 महीने होते हैं और नया साल सितंबर में मनाया जाता है। इस देश की समय–गणना और परंपरा इतनी अलग है कि जानकर हर कोई हैरान रह जाता है।

**सात साल पीछे चलने वाला देश:** इथियोपिया का कैलेंडर बाकी दुनिया से करीब सात से आठ साल पीछे है। इसका कारण है गीज़ कैलेंडर, जो वहां का पारंपरिक समय मापने का तरीका है। जबकि दुनिया ग्रेगोरियन कैलेंडर का उपयोग करती है, इथियोपिया अब भी अपने पारंपरिक गीज कैलेंडर को मानता है।

क्यों हैं 13 महीने? गीज़ कैलेंडर में 12 महीने 30 दिनों के होते हैं, जबकि 13वां महीना "पागूमे" कहलाता है, जिसमें सामान्य वर्ष में 5 दिन और लीप वर्ष में 6 दिन होते हैं। यही वजह है कि यहां एक साल में 13 महीने गिने जाते हैं।

**सितंबर में मनाया जाता है नया साल:** इथियोपिया में हर साल 11 सितंबर को नया साल मनाया जाता है, जिसे "एनकुटाटाश" कहा



जाता है। लीप वर्ष में यह 12 सितंबर को आता है। इस दिन लोग गहने और उपहार देकर जश्न मनाते हैं। यहां क्रिसमस भी 25 दिसंबर नहीं, बल्कि 7 जनवरी को मनाया जाता है।

**अलग है दिन की शुरुआत:** इथियोपिया में समय की गणना का तरीका भी अनोखा है। जहां दुनिया के अधिकांश देश सुबह 6 बजे को दिन की शुरुआत मानते हैं, वहीं इथियोपिया में दिन की शुरुआत सुबह 12 बजे मानी जाती है। जब ग्रेगोरियन समयानुसार दोपहर के 12 बजते हैं, तब वहां शाम के 6 बजते हैं।

**संस्कृति और गर्व का प्रतीक:** इथियोपिया न सिर्फ अपने कैलेंडर बल्कि अपने इतिहास और संस्कृति के लिए भी खास है। यह अफ्रीका का एकमात्र देश है जिसे कभी यूरोपीय ताकतों ने उपनिवेश नहीं बनाया। यह देश अपने प्राचीन चर्चों, उपवास परंपराओं और विविध व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है। यहां पाया गया लूसी नामक मानव कंकाल इसे "मानवता की जन्मभूमि" भी बनाता है।

**समय से आगे संस्कृति:** इथियोपिया का गीज कैलेंडर सिर्फ तारीखें बताने का साधन नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। यह देश हमें यह संदेश देता है कि "कैलेंडर समय नहीं, परंपरा और विश्वास की पहचान है।

## सुविचार

जो सभी प्राणियों के हित में लगा रहता है, वही सच्चा भक्त है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | दशमी | 10:34-10:35 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | आश्लेषा | 12:00-12:42 तक | माह | कार्तिक |
| सूर्योदय | | 6:23 AM | चन्द्रोदय | 01:28 AM |
| सूर्यास्त | | 5:46 PM | चंद्रास्त | 03:03 PM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | सिंह राशि |
| शुभ मुहूर्त | 11:42PM –12:38 PM | | ब्रहम् मुहूर्त | 04:35-05:23 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | 01:30PM –02:55PM | | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### सेहत, धन, करियर से लेकर शनि दोष तक

# हर एक समस्या का समाधान है ये चमत्कारी बीज



**यूनिक समय, मथुरा।** खाने में स्वाद बढ़ाने के लिए जायफल का इस्तेमाल किया जाता है।

इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। हालांकि जायफल का इस्तेमाल केवल खाने में स्वाद बढ़ाने के लिए ही नहीं किया जाता है, बल्कि हवन और तांत्रिक यज्ञों में भी किया जाता है। माना जाता है कि ये एक चमत्कारी बीज है, जिसके उपाय से व्यक्ति को अपनी सभी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जायफल का एक छोटा–सा बीज बेहद प्रभावशाली होता है। इसलिए हवन, यज्ञ और तंत्र विद्या में विशेषतौर पर इसका इस्तेमाल किया जाता है। मान्यता है कि जायफल के कुछ उपायों को अपनाकर जीवन से जुड़ी हर एक समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। आज हम आपको शास्त्रों में बताए गए जायफल के चार ऐसे उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें अगर आप सच्चे मन और श्रद्धा भाव से करते हैं, तो कुछ ही समय में आपको अपनी सभी समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

**शनि दोष से मुक्ति पाने के उपाय**

शनिवार के दिन शमी के पौधे से जायफल को कलावे की मदद से बांधे। इस दौरान शनि मंत्र का जाप करें और जायफल की पूजा करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जो व्यक्ति ये उपाय सच्चे मन से करता है, उनकी कुंडली में शनि ग्रह की स्थिति मजबूत होती है। साथ ही शनि दोष से भी छुटकारा मिलता है।

**पैसों की कमी से छुटकारा पाने के उपाय**

11 दिन तक रात में सोने से पहले अपने तकिए के नीचे एक जायफल और एक सुपारी को रखें। सोने से पहले अपने इष्ट देवता का ध्यान करें और भगवान शंकर के नाम का जाप करें। अगले दिन उसी जायफल और सुपारी को शंकर जी को अर्पित कर दें। 11 दिन तक आप ये उपाय सच्चे मन से करते हैं, तो जल्द ही आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने लगेगा।

**तरक्की पाने के उपाय**

मंगलवार के दिन पान के पत्ते में एक जायफल और दो लौंग को रखकर दक्षिण मुखी हनुमान जी को अर्पित कर दें। अगर आप ये उपाय नियमित रूप से हर मंगलवार को करते हैं, तो कुछ ही समय में आपके सभी रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। साथ ही जीवन में भी अपार सफलता मिलेगी।

**बीमारियों से छुटकारा पाने के उपाय**

आपके घर में अगर कोई व्यक्ति हर समय बीमार रहता है, तो हफ्ते के किसी भी एक दिन हल्दी के पानी में जायफल डालकर, उससे शिवलिंग का अभिषेक करें।

इस उपाय से घर में सुख–शांति बनी रहेगी। साथ ही परिवारवालों की सेहत में भी सुधार होने लगेगा।

# प्रेमानंद महाराज ने बताए सुखी वैवाहिक जीवन के पांच मूल मंत्र



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पति–पत्नी का रिश्ता प्यार, विश्वास और सम्मान की डोर से बंधा होता है। जब रिश्ते में शक, लालसा और जलन की भावना बढ़ने लगती है, तो इससे दूरियां आने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि समय रहते आप अपने रिश्ते को बचाने के लिए कुछ टिप्स को अपनाए। आज हम आपको प्रेमानंद महाराज द्वारा बताए गए पति के पांच कर्तव्य के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें अगर हर एक पति फॉलो करता है, तो उनके वैवाहिक जीवन में सदा खुशियां बनी रहेंगी।

**गुप्त बातें शेयर न करें :** प्रेमानंद महाराज के अनुसार, अगर आपको अपने वैवाहिक जीवन को सुखी बनाना है, तो इसके लिए पत्नी की गुप्त बातों को गलती से भी अपने माता–पिता को न बताएं। अगर आपको पत्नी की कोई बात अच्छी नहीं लगी या उनकी कोई आदत अच्छी नहीं लगती है, तो उस बारे में अपने पार्टनर से बात करें। उन्हें समझाने का प्रयास करें, लेकिन कभी भी उनकी शिकायत अपने माता–पिता, दोस्तों और रिश्तेदारों से न करें।

**लड़ाई के बारे में तीसरे इंसान को न बताएं :** लड़ाई हर एक कपल के बीच होती है, लेकिन उसके बारे में कभी भी किसी तीसरे इंसान को नहीं बताना चाहिए।

सुखी वैवाहिक जीवन का सबसे बड़ा मूल मंत्र है कि पार्टनर से अपनी लड़ाई की बात किसी अन्य व्यक्ति को न बताएं। दरअसल, लड़कों की आदत होती है कि जब उनकी पार्टनर या पत्नी से लड़ाई होती है, तो वो उसके बारे में अपने दोस्तों को बता देते हैं। पर ऐसा नहीं करना चाहिए। इससे आप दोनों के बीच परेशानियां आ सकती हैं।

**पत्नी का साथ दें :** प्रेमानंद महाराज का कहना है कि एक पति को सदा अपनी पत्नी का साथ देना चाहिए। विकट से विकट परिस्थिति में भी उनका साथ न छोड़ें। अगर आप हर एक परिस्थिति में उनका साथ निभाते हैं, तो आपके वैवाहिक जीवन में सदा मिठास बनी रहेगी।

**पत्नी की तुलना न करें**

आमतौर पर पत्नी में जलन की भावना होती है। वो अपने पति को किसी के साथ भी बांटना पसंद नहीं करती हैं। इसके अलावा पत्नी को सबसे ज्यादा क्रोध तब आता है, जब उनका पति उनकी तुलना किसी पराई स्त्री से करता है।

उनके सामने किसी और महिला की तारीफ करता है। इसलिए पति को कभी भी अपनी पत्नी की तुलना किसी भी अन्य महिला से नहीं करनी चाहिए।

**पत्नी की सलाह लें :** प्रेमानंद महाराज का मानना है कि पति को हर कार्य में अपनी पत्नी का साथ देना चाहिए। इसी के साथ अपनी जिंदगी से जुड़ा कोई भी फैसला लेने से पहले पत्नी की सलाह लें। खासतौर पर पारिवारिक मामलों में पत्नी का साथ दें। उनका सम्मान करें और उनके फैसलों की भी इज्जत करें।

**राधारानी के परम भक्त हैं प्रेमानंद महाराज :** प्रेमानंद महाराज श्री कृष्ण और राधा रानी के भक्त हैं। जो वृंदावन में मौजूद 'राधा केली कुंज' आश्रम में प्रवचन देते हैं। बाबा के प्रवचन को सुनने के लिए दूर–दूर से लोग वृंदावन जाते हैं। प्रवचन के जरिए बाबा लोगों को हिंदू धर्म से जुड़ी अहम बातों के बारे में बताते हैं।

# बुधवार के चमत्कारी उपाय से बुध ग्रह को करें मजबूत

**यूनिक समय, मथुरा।** बुधवार का दिन ग्रहों के राजकुमार बुध देव को समर्पित होता है। ज्योतिष शास्त्र में बुध को बुद्धि, वाणी और व्यापार का कारक माना गया है। यदि कुंडली में बुध कमजोर हो तो व्यापार में हानि, वाणी दोष और निर्णय लेने की क्षमता में कमी आ सकती है। ऐसे में बुधवार को कुछ विशेष उपाय करके आप बुध को प्रसन्न कर सकते हैं और जीवन में तरक्की पा सकते हैं।

**बुध मंत्र का जाप करें:** "ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः" मंत्र का 108 बार जाप करें। इससे वाणी में मधुरता आती है और बिजनेस में लाभ होता है।

**गाय को हरा चारा खिलाएं:** बुधवार को गाय को विशेष रूप से हरी मूंग या हरा धनिया खिलाने से बुध दोष शांत होता है और आर्थिक स्थिति में सुधार आता है।

**हरे वस्त्र पहनें:** इस दिन हरे रंग के कपड़े या रूमाल का उपयोग करना शुभ होता है। हरा रंग बुध का प्रिय है और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है।

**दान करें:** छोटे बच्चों को हरे फल, हरे कपड़े या स्टेशनरी का दान करें। यह उपाय बुध के अशुभ प्रभाव को कम करता है।

**तुलसी को जल चढ़ाएं:** सुबह तुलसी को जल चढ़ाते समय "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" मंत्र का जाप करें। इससे मानसिक शांति मिलती है।

**गणेश पूजा करें:** बुधवार को गणपति को दूर्वा अर्पित करें और "ॐ गं गणपतये नमः" मंत्र का जाप करें। गणेश पूजा से बुध दोष समाप्त होता है।

**विशेष दान करें:** हरी मूंग की दाल, कांसे के बर्तन या हरे कपड़े ब्राह्मण या गरीब को दान करें। साथ ही पूजा स्थल पर बुध यंत्र की स्थापना करें।

**विशेष सुझाव:** बुध को और अधिक बलवान बनाने के लिए पन्ना रत्न या बुध यंत्र धारण करें। इससे बुध की नकारात्मकता दूर होती है और जीवन में सुख–समृद्धि आती है।

# घर की छत पर पड़ा कूड़ा देता है दुर्भाग्य को दस्तक, रुष्ट हो सकती हैं मां लक्ष्मी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की छत पर पड़ा कूड़ा व्यक्ति के जीवन में कई परेशानियां ला सकता है। आज हम आपको छत पर कूड़ा रखने से जुड़े वास्तु के नियम और इससे जुड़ीं खास बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। हम सभी लोगों के घरों में कुछ ऐसा सामान पाया जाता है, जो हमारे किसी भी काम का नहीं होता है। अक्सर घर में पड़े इस बेकार सामान को घर की छत पर रख दिया जाता है। कई बार छत पर यह सामान महीनों और सालों तक पड़ा रहता है। वहीं छत पर होने के कारण सामान मौसम की बेवजह मार झेलता है और यह किसी काम का नहीं रहता है। वहीं लोहे के सामान में जंग लग जाती है। जो आपकी सेहत और पर्यावरण दोनों के लिहाज से ठीक नहीं है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की छत पर पड़ा कूड़ा व्यक्ति के जीवन में कई परेशानियां ला सकता है। वास्तु शास्त्र के हिसाब से घर की छत पर पड़ा कूड़ा दुर्भाग्य को दस्तक देता है। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए छत पर कूड़ा रखने से जुड़े वास्तु के नियम और इससे जुड़ीं खास बातों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**आर्थिक हानि का कारण**

जिन लोगों के घर की छत पर कूड़ा होता है, उनको आर्थिक हानि भी हो सकती है। आपका पैसा ऐसी जगहों पर खर्च हो सकता है, जहां पर आपने सोचा भी नहीं होगा। आपको कोई बीमारी हो सकती है, जिसमें आपका पैसा खर्च हो जाए, या अचानक से घर में हुई टूट–फूट में पैसा खर्च हो सकता है।

**मानसिक और शारीरिक रोग**

घर की छत पर रखा कूड़ा आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है। घर की छत पर कूड़ा होने से व्यक्ति के सिर में भारीपन की समस्या हो सकती है। साथ ही मन में नकारात्मक विचार आने लगते हैं।

**कमजोर होता है भाग्य**

यदि आपके जीवन में अचानक से परेशानी आने लगी है, या फिर अधिक मेहनत के बाद भी भाग्य साथ नहीं दे रहा। तो संभव है कि घर की छत पर रखे कूड़े के नकारात्मक प्रभाव के कारण ऐसा हो। बता दें कि स्वच्छता में मां लक्ष्मी का वास होता है। ऐसे में अगर आपके घर की छत पर भी कूड़ा है, तो मां लक्ष्मी आपसे रुष्ट हो सकती हैं। साथ ही आपका भाग्य कमजोर हो सकता है।

**नकारात्मक प्रभाव देता है राहु**

घर की छत पर कूड़ा रखने से राहु ग्रह पीड़ित हो जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार नव ग्रहों में उन लोगों को अधिक कष्ट देता है, जो अपने आसपास के वातावरण को गंदा रखते हैं।

घर की छत ऐसी जगह है, जो खुली होती है ऐसे में छत पर रखा कूड़ा सिर्फ घर को ही प्रदूषित नहीं करता है, बल्कि इसका नकारात्मक असर आपके घर पर भी पड़ता है। वहीं इससे वातावरण भी प्रदूषित होता है।

**खराब होता है वैवाहिक जीवन**

घर की छत पर कूड़ा रखने से इसका असर आपकी लव लाइफ पर भी पड़ सकता है। आपके पार्टनर को छोटी–छोटी बातों पर गुस्सा आ सकता है। जिसके कारण आपके रिश्ते बिगड़ सकते हैं। पति–पत्नी के बीच घरेलू कलह और गलतफहमियां बढ़ सकती हैं और रिश्ते में दूरियां आने लगती हैं।

## सम्पादकीय

# पीएफ निकासी में राहत, पर बचत पर रहे नियंत्रण

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नौकरपेशा लोगों को बड़ी राहत देते हुए उनके खाते से न्यूनतम बैलेंस छोड़कर पूरी राशि निकालने की अनुमति दी है। इसमें कर्मचारी और नियोक्ता दोनों का अंशदान शामिल होगा। अब तक पूरी निकासी केवल सेवानिवृत्ति या बेरोजगारी की स्थिति में ही संभव थी। साथ ही, अब निकासी का कारण बताने की भी आवश्यकता नहीं होगी। यह कदम उन कर्मचारियों के लिए राहत भरा है जो वेतन पर ही आश्रित हैं और अचानक आने वाले खर्चों के लिए अक्सर कर्ज या उधार लेने को मजबूर हो जाते हैं।

हालांकि, इस फैसले का एक दूसरा पहलू भी है। ईपीएफओ से मिलने वाली एकमुश्त राशि हमेशा से कर्मचारी के भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच का काम करती आई है। यदि कर्मचारी तत्काल जरूरतों के दबाव में अपने भविष्य की जमा पूंजी का उपयोग करने लगें, तो यह बचत की मूल भावना को कमजोर कर सकता है। पीएफ एक ऐसी योजना है जो आज की छोटी बचत को कल की बड़ी सुरक्षा में बदलती है। इसलिए इस निकासी सुविधा के साथ बचत की प्रवृत्ति को बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है।



पवन गौतम
संपादक

स्वाभाविक रूप से चिकित्सा, बच्चों की पढ़ाई, विवाह या मकान निर्माण जैसे आकस्मिक और आवश्यक खर्चों के लिए पीएफ खाते की ओर ध्यान जाना उचित है। ऐसे अवसरों पर यह सुविधा कर्मचारियों के लिए तात्कालिक सहारा साबित होगी। इससे अचानक आई आर्थिक कठिनाइयों में बैंक या साहूकारों के चक्कर लगाने की जरूरत कम होगी। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि साधारण खर्चों या जोखिमपूर्ण निवेश के लिए भविष्य निधि से निकासी करने की प्रवृत्ति न बढ़े।

आज डिजिटल लोन, क्रेडिट कार्ड और ईएमआई के युग में लोगों की बचत की आदत पहले ही कमजोर हो चुकी है। ऐसे में यदि पीएफ निकासी नियम अत्यधिक लचीले हो गए, तो यह भविष्य की आर्थिक असुरक्षा का कारण बन सकता है। इसलिए ईपीएफओ को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कर्मचारी इस सुविधा का दुरुपयोग न करें।

इसके साथ ही, एक सकारात्मक पहल यह हो सकती है कि निकासी के बाद कर्मचारियों को अपने खाते में दोबारा जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

यदि कोई खाताधारक पूरी राशि निकालता है, तो एक निश्चित अवधि में कुछ अतिरिक्त योगदान के लिए उसे प्रेरित किया जा सकता है। इससे न केवल उसकी बचत की आदत बनी रहेगी, बल्कि भविष्य निधि अपनी वास्तविक भूमिका–भविष्य की सुरक्षा–को और मजबूत करेगी।संक्षेप में, ईपीएफ निकासी में यह लचीलापन कर्मचारियों के लिए राहत तो है, लेकिन इसके साथ सतर्कता भी जरूरी है। यह सुविधा तभी सार्थक होगी जब यह वर्तमान की जरूरतों के साथ भविष्य की मजबूती की गारंटी भी बन सके। यही इस निर्णय का संतुलित और दूरदर्शी अर्थ होगा।

## नजरिया

# तरक्की को मुंह चिढ़ा रहे हैं महिला अपराधों के आंकड़े

**योगेंद्र योगी**



भारत ने पिछले एक दशक में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, महिलाएं अंतरिक्ष से लेकर सेना तक अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं। लेकिन इसी तरक्की की रफ्तार के बीच एक कड़वी सच्चाई है – महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध। ये आंकड़े न केवल देश की सामाजिक सोच पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं बल्कि यह भी दिखाते हैं कि आर्थिक विकास के साथ–साथ सामाजिक चेतना और सुरक्षा के मोर्चे पर अभी लंबा सफर तय करना बाकी है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में भारत में महिलाओं के खिलाफ कुल 4,48,211 मामले दर्ज किए गए। यह संख्या वर्ष 2022 के 4,45,256 और 2021 के 4,28,278 मामलों से अधिक है। यानी हर साल महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। राज्यवार आंकड़े देखें तो उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 66,381 मामले दर्ज हुए। इसके बाद महाराष्ट्र (47,101), राजस्थान (45,450), पश्चिम बंगाल (34,691) और मध्यप्रदेश (32,342) का स्थान रहा। वहीं, अपराध दर के हिसाब से तेलंगाना सबसे आगे रहा, जहां प्रति लाख महिला जनसंख्या पर 124.9 अपराध दर दर्ज की गई। इसके बाद राजस्थान (114.8), ओडिशा (112.4), हरियाणा (110.3) और केरल (86.1) रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय दंड संहिता की धारा 498अ के तहत–यानी पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता–सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए। ऐसे कुल 1,33,676 मामले सामने आए, जिनकी दर 19.7 रही। महिलाओं के अपहरण और बंधक बनाने के 88,605 मामले दर्ज हुए। शील भंग करने के इरादे से हमले के 83,891 मामले सामने आए। वहीं बलात्कार के 29,670 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के साथ बलात्कार के 28,821 और 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों के 849 मामले शामिल हैं। बलात्कार के प्रयास के 2,796 मामले भी दर्ज हुए। पॉक्सो कानून के तहत बच्चों से यौन अपराधों के आंकड़े भी चिंताजनक हैं। बच्चों से बलात्कार के 40,046 मामले, यौन उत्पीड़न के 22,149 मामले, यौन प्रताड़ना के लिए 2,778 मामले, पोर्नोग्राफी में बच्चों का इस्तेमाल करने के 698 मामले और अन्य अपराधों के तहत 513 मामले दर्ज हुए। इन मामलों में से कई वर्षों से जांच लंबित है। वर्ष 2023 में 4,48,211 नए मामलों के साथ 1,85,961 मामले पुराने भी लंबित थे। यानी कुल 6,35,159 मामलों का निपटारा होना बाकी है।

साल 2012 की निर्भया घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। सड़कों पर लोगों का गुस्सा उमड़ा, कठोर कानून बने, फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित हुए। परंतु 12 साल बाद भी तस्वीर में बहुत बड़ा बदलाव नजर नहीं आता। एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 4% की वृद्धि हुई। इन अपराधों में सबसे बड़ा हिस्सा पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा की गई क्रूरता (31.4%), उसके बाद शील हनन की नीयत से हमले (18.7%) और बलात्कार (7.1%) का रहा। कानून तो बने, लेकिन क्रियान्वयन कमजोर रहा। पुलिस की संवेदनहीनता, सामाजिक दबाव और न्यायिक प्रक्रिया की धीमी रफ्तार ने महिलाओं का भरोसा कमजोर किया है। महिला शांति और सुरक्षा सूचकांक (2023) में भारत 128वें स्थान पर रहा। शीर्ष स्थानों पर डेनमार्क, स्विट्जरलैंड और स्वीडन जैसे देश हैं, जबकि अफगानिस्तान, यमन और मध्य अफ्रीकी गणराज्य सबसे नीचे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 2022 में राजनीतिक हिंसा में महिलाओं को निशाना बनाए जाने के मामलों में भारत शीर्ष 10 सबसे खराब देशों में शामिल था। मेक्सिको (537 घटनाएं) शीर्ष पर रहा, जबकि भारत 125 घटनाओं के साथ सातवें स्थान पर था। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019–21) के अनुसार, 18 से 49 वर्ष की 29.3% महिलाओं ने अपने जीवनकाल में पति द्वारा शारीरिक हिंसा का अनुभव किया है। यह आंकड़ा उस समाज की मानसिकता को उजागर करता है जहाँ घरेलू हिंसा को 'परिवार का निजी मामला' माना जाता है, महिलाओं के लिए शिकायत दर्ज कराना सामाजिक बदनामी का कारण बन जाता है, और न्याय प्रणाली में विश्वास कमजोर पड़ता जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि 'सांस्कृतिक शर्मिंदगी' और 'प्रतिशोध का डर' रिपोर्ट दर्ज कराने में सबसे बड़ी बाधा हैं। कई महिलाएं पुलिस या समाज के तानों से डरकर चुप रह जाती हैं, जिससे 'अंडर–रिपोर्टिंग' की समस्या और बढ़ जाती है। महलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों के पीछे कई गहरे सामाजिक और संरचनात्मक कारण हैं। पितृसत्तात्मक मानसिकता, पुरुष वर्चस्व और महिलाओं को 'कमतर' मानने की सोच अपराधों को बढ़ावा देती है। शिक्षा और जागरूकता की कमी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, महिला सशक्तिकरण की राह में बड़ी बाधा है। कानूनों का कमजोर क्रियान्वयन, सामाजिक रूढ़िवादिता, पीड़िता को ही दोष देने की प्रवृत्ति और तेजी से बढ़ते साइबर अपराध इस समस्या को और जटिल बना रहे हैं।

इस बढ़ते संकट का समाधान केवल कानूनों से नहीं, बल्कि समाज की सोच बदलने से आएगा। कानून के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाई जानी चाहिए। महिला हेल्पलाइन और सहायता केंद्रों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। पुलिस और न्यायिक तंत्र को लैंगिक संवेदनशीलता पर प्रशिक्षण दिया जाए। स्कूल स्तर से लैंगिक समानता की शिक्षा दी जाए ताकि अगली पीढ़ी की सोच बदले। सोशल मीडिया और तकनीकी प्लेटफॉर्म पर महिलाओं की सुरक्षा के सख्त नियम लागू किए जाएं।

समाज को यह समझना होगा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं है – यह देश के सम्मान, प्रगति और मानवता से जुड़ा मुद्दा है। भारत भले ही विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो, लेकिन जब तक उसकी बेटियाँ सुरक्षित नहीं, तब तक यह विकास अधूरा है। आंकड़े यह बताते हैं कि भारत की तरक्की और महिला सुरक्षा के बीच की खाई अभी बहुत गहरी है। अगर देश को सच्चे अर्थों में विकसित राष्ट्र बनना है, तो महिला सुरक्षा, सम्मान और न्याय को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। कानूनों की कठोरता के साथ–साथ समाज की संवेदनशीलता और सोच में बदलाव ही उस भारत की पहचान बनाएगा, जहाँ हर महिला सुरक्षित, सशक्त और स्वतंत्र होकर जी सके।

## विचार विण्डो

# गाजा में नई सुबह : युद्ध की राख से उम्मीद का सवेरा

**महेंद्र तिवारी**

गाजा, जो दशकों से संघर्ष, विनाश और भय की प्रतीक रहा है, अब एक बार फिर उम्मीद की किरण देख रहा है। वर्षों से बारूद की गंध में सांस लेता यह इलाका अब धीरे–धीरे जीवन की ओर लौटने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में घोषित युद्धविराम के बाद लोगों के चेहरों पर पहली बार राहत और शांति की झलक दिखाई दी है। यह बदलाव सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि गहरी मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा है – एक ऐसी कोशिश, जिसमें हिंसा से थके हुए लोग अब जीवन को फिर से अर्थ देने की कोशिश कर रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में हुआ 20–सूत्रीय शांति समझौता इस दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित हुआ। हमास और इजराइल के बीच लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार दोनों पक्ष अस्थायी संघर्षविराम पर सहमत हुए। इस समझौते के तहत हमास ने सभी जीवित इजरायली बंधकों को अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस की मदद से रिहा किया, जबकि इजराइल ने लगभग दो हजार फिलिस्तीनी कैदियों को आज़ादी दी। जैसे ही बमबारी थमी, गाजा में राहत सामग्री से भरे ट्रक पहुंचने लगे और पहली बार वहां के लोगों ने आसमान से गिरती आग की जगह बादलों की छांव महसूस की।

युद्धविराम के बाद गाजा की गलियों में जीवन की आहट लौट आई है। जहां कल तक हर घर में मातम का माहौल था, वहीं आज बच्चे सड़कों पर खेलते नजर आ रहे हैं। स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो चुकी है, बाजारों में चहल–पहल लौट आई है, और अस्पतालों में घायलों के इलाज के साथ नई उम्मीद का माहौल बन रहा है। हालांकि, इन सबके बीच भय और अविश्वास की छाया अब भी बनी हुई है। वर्षों से चले आ रहे संघर्ष ने लोगों के भीतर ऐसी चोटें छोड़ी हैं, जिन्हें भरने में समय लगेगा। समझौते की एक प्रमुख शर्त यह है कि गाजा का प्रशासन अब एक अंतरिम फिलिस्तीनी तकनीकी समिति के अधीन होगा, जो आगे चलकर फिलिस्तीनी अथॉरिटी को सत्ता हस्तांतरित करेगी। हालांकि, इजराइल ने फिलिस्तीनी अथॉरिटी की



भूमिका पर आपत्ति जताई है और हमास को किसी भी राजनीतिक या प्रशासनिक दायित्व से बाहर रखा गया है। हमास अब भी अपने अस्तित्व और हथियारों के भविष्य को लेकर असमंजस में है। यही कारण है कि गाजा का शासन एक नाजुक मोड़ पर है, जहां शांति और शक्ति संतुलन के बीच एक पतली रेखा है। इस प्रक्रिया की सबसे कठिन कड़ी गाजा का पूर्ण निरस्त्रीकरण है। ट्रंप की योजना के अनुसार, गाजा को सैन्य प्रभाव से मुक्त कर नागरिक शासन स्थापित करना है। मगर हमास का तर्क है कि जब तक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य का गठन नहीं होता, वह अपने हथियार नहीं छोड़ेगा। इस बीच इजरायली सेना अब भी गाजा के कुछ हिस्सों में सुरक्षा घेरे में मौजूद है। इस स्थिति में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह युद्धविराम स्थायी शांति में बदल पाएगा, या यह सिर्फ एक अस्थायी ठहराव है जिसके पीछे फिर कोई नया विस्फोट छिपा है।

फिर भी, इस संघर्षविराम से गाजा के लोगों में एक नई ऊर्जा दिखाई दे रही है। संयुक्त राष्ट्र, मिस्र, क़तर और तुर्किए जैसे देशों ने गाजा के पुनर्निर्माण के लिए आर्थिक सहायता और राहत सामग्री भेजनी शुरू कर दी है। पानी और बिजली की आपूर्ति बहाल हो रही है, अस्पतालों में दवाइयाँ पहुंच रही हैं, और हजारों शरणार्थी अपने जले हुए घरों की मरम्मत कर रहे हैं। कई परिवारों को अपने प्रियजनों की रिहाई के बाद वर्षों बाद मिलन का सुख मिला है, हालांकि अभी भी अनेक परिवार अपने लापता सदस्यों के बारे में अनिश्चित हैं।

गाजा के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया सिर्फ ईंट–पत्थर तक सीमित नहीं है; यह मानवीय रिश्तों और भावनाओं का पुनर्निर्माण भी है। युद्ध ने गाजा की सामाजिक और आर्थिक संरचना को झकझोर दिया था। हजारों बच्चे जिन्होंने अपने परिवार खो दिए या विस्फोटों के बीच बड़े हुए, उनके लिए यह बदलाव एक मानसिक उपचार की शुरुआत है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अब मनोवैज्ञानिक सहायता और शिक्षा बहाली पर विशेष ध्यान दे रही हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी युद्ध की छाया से बाहर आ सके।

फिलिस्तीनी अथॉरिटी के सामने अब प्रशासनिक स्थिरता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की चुनौती है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की मदद से एक निगरानी तंत्र स्थापित किया जा रहा है, जो राहत और विकास कार्यों की निगरानी करेगा। ट्रंप की अध्यक्षता में बनी अंतरराष्ट्रीय समिति अब गाजा में रोजगार, शिक्षा और आवागमन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। हालांकि, इजरायली सेना की आंशिक मौजूदगी और हमास की रणनीतिक चुप्पी इस प्रक्रिया को जटिल बना रही है। गाजा के लोगों के लिए यह शांति केवल बंदूकें थमने तक सीमित नहीं है। वे अब यह समझ चुके हैं कि स्थायी शांति रोटी, शिक्षा और सम्मान के बिना संभव नहीं। इसलिए अब स्थानीय संगठनों ने शिक्षा, पुनर्वास और महिला सशक्तिकरण के छोटे–छोटे कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन पहलों ने धीरे–धीरे यह विश्वास जगाया है कि अगर दुनिया सहयोग करे, तो गाजा फिर से खड़ा हो सकता है। हालांकि चुनौतियाँ अब भी हैं – सीमाएं बंद हैं, अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है, और राजनीति में अविश्वास का माहौल कायम है। फिर भी, युद्ध की राख से उठती यह उम्मीद की लौ कमजोर जरूर है, पर बुझी नहीं है। शायद पहली बार गाजा के लोग यह महसूस कर रहे हैं कि उनके भविष्य का निर्णय अब सिर्फ बंदूकें नहीं, बल्कि संवाद और सहयोग तय करेंगे। यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह शांति स्थायी है या नहीं, लेकिन इतना निश्चित है कि गाजा में यह एक नई शुरुआत है। यह वह क्षण है जब लोग विनाश से आगे बढ़कर पुनर्निर्माण की ओर कदम रख रहे हैं। यह युद्ध की समाप्ति भर नहीं, बल्कि जीवन की जीत है। गाजा की यह नई सुबह इस बात की गवाही देती है कि सबसे अंधेरी रात के बाद भी सवेरा संभव है। अब यह सवेरा कितनी देर तक ठहरता है, यह आने वाले समय की कसौटी तय करेगी। लेकिन आज के लिए इतना कहना पर्याप्त है कि गाजा ने एक कदम आगे बढ़ाया है – युद्ध से शांति, भय से विश्वास और विनाश से जीवन की ओर।

### जो रूट पहले नंबर पर, टेम्बा बावुमा और कामेंदु मेंडिस को झटका

# यशस्वी जायसवाल ने मारी लंबी छलांग, टेस्ट रैंकिंग में टॉप 10 में बदलाव



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईसीसी ने नई टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग जारी कर दी है। इस बार टॉप 10 में ज्यादा बदलाव नहीं हुए, लेकिन भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दो स्थानों की छलांग लगाकर छक्कों की तरह अपनी जगह बनाई। अब वे नंबर 5 पर पहुँच गए हैं और उनकी रेटिंग 791 हो गई है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच हाल ही में खेली गई दो टेस्ट मैचों की सीरीज में दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट की पहली पारी में जायसवाल ने शतक लगाया था। इस प्रदर्शन के बाद उनकी रेटिंग में वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी पारी में उनका बल्ला शांत रहा, लेकिन शतक ने उन्हें रैंकिंग में मजबूती दिलाई। आईसीसी की यह रेटिंग 12 अक्टूबर तक अपडेट की गई है। टॉप रैंकिंग में कोई बड़ा बदलाव नहीं इंग्लैंड के जो रूट अब भी दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज बने हुए हैं, उनकी रेटिंग 908 है। दूसरे नंबर पर इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक हैं, जिनकी रेटिंग 868 है। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन तीसरे और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ चौथे नंबर पर बने हुए हैं।

जायसवाल के आगे जाने से झटका यशस्वी जायसवाल के रैंकिंग में ऊपर जाने के कारण साउथ अफ्रीका के टेम्बा बावुमा और श्रीलंका के कामेंदु मेंडिस को एक-एक स्थान पीछे जाना पड़ा। बावुमा अब नंबर 6 पर हैं और उनकी रेटिंग 790 है, जबकि मेंडिस नंबर 7 पर 781 रेटिंग के साथ हैं। भारत के ऋषभ पंत आठवें, न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल नौवें और इंग्लैंड के बेन डकेट दसवें नंबर पर बने हुए हैं। यशस्वी की यह छलांग युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक साबित हो रही है और भारतीय टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में एक सकारात्मक संकेत है।

### अब बॉलीवुड के मंझे हुए कलाकारों में शुमार

# करोल बाग में साड़ी बेचते थे फेमस एक्टर विजय राज



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड के शानदार चरित्र कलाकार विजय राज आज अपनी एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में एक अलग पहचान रखते हैं। लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने का उनका सफर बेहद संघर्षपूर्ण रहा है। हाल ही में विजय राज ने अपने शुरुआती दिनों से जुड़ी कुछ दिलचस्प और भावनात्मक बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि एक वक्त ऐसा भी था जब वह दिल्ली के करोल बाग में साड़ी की दुकान पर नौकरी किया करते थे। खाने तक के लाले पड़े, विजय राज ने बताया कि उनके पिता चाहते थे कि वह सरकारी नौकरी करें, लेकिन घर के खर्चों में मदद के लिए उन्होंने बचपन से ही छोटे-मोटे काम करने शुरू कर दिए थे। इस दौरान उन्होंने करोल बाग की एक साड़ी की दुकान में काम किया। वह उस समय सिर्फ 19 साल के थे, जब पहली बार उन्होंने थिएटर के बारे में सुना। थिएटर बना जिंदगी का टर्निंग प्वॉइंट विजय राज ने कहा, "मुझे एक्टिंग के बारे में कुछ नहीं पता था। मैं अकाउंटेंट की नौकरी करता था और साथ में ईवनिंग कॉलेज में बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था। एक दिन कुछ थिएटर कलाकारों से मुलाकात हुई और तभी मुझे समझ आया कि यही मेरी राह है।" धीरे-धीरे थिएटर उनके जीवन का जुनून बन गया। बीकॉम में फेल हुए, लेकिन एक्टिंग में पास एक्टर ने हंसते हुए बताया कि थिएटर के चक्कर में उन्होंने पढ़ाई को नजरअंदाज कर दिया। "बीकॉम के आखिरी साल में इकोनॉमिक्स का पेपर था। मैं थिएटर में इतना खो गया था कि परीक्षा में बैठकर कॉपी में सिर्फ अपना नाम लिखा और खाली कॉपी जमा कर दी। सोचा था टीचर ईमानदारी की तारीफ करेंगे, पर फेल हो गया। मैं पहले भी एक बार फेल हुआ था, इसलिए दो पेपर साथ दे रहा था।" 15 साल की उम्र से किया संघर्ष विजय राज ने खुलासा किया कि उन्होंने 15 साल की उम्र से काम करना शुरू कर दिया था। "मेरी आखिरी नौकरी करोल बाग में साड़ी बेचने की थी। वहां पार्ट टाइम काम करता था ताकि खर्च चल सके।"फिल्मी सफर की शुरुआत और सफलता विजय राज ने 1999 में 'भोपाल एक्सप्रेस' से फिल्मी करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने 'रन', 'मानसून वेडिंग', 'धमाल' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। 'कौआ बिरयानी' जैसा डायलॉग आज भी लोगों की जुबां पर है। अब विजय राज एमएक्स प्लेयर की सीरीज 'जमनापार 2' में नजर आएंगे और एक बार फिर अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित करेंगे।

### वनडे में रचा नया इतिहास

# मोहम्मद नबी ने तोड़ा मिस्बाह उल हक का रिकॉर्ड



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में शानदार अर्धशतक जमाकर इतिहास रच दिया है। नबी ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक का लगभग 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा उम्र में अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अफगानिस्तान की 200 रनों से धमाकेदार जीत तीसरे वनडे मुकाबले में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 200 रनों के भारी अंतर से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में 293 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 27.1 ओवर में महज 93 रन पर सिमट गई। इस जीत के साथ अफगानिस्तान ने सीरीज में बांग्लादेश का सूपड़ा साफ कर दिया। इब्राहिम जादरान की पारी रही अहम अफगानिस्तान की इस बड़ी जीत में इब्राहिम जादरान की 95 रनों की शानदार पारी ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 111 गेंदों पर सात चौके और दो छक्के जड़कर टीम को मजबूत शुरुआत दी। हालांकि वे शतक से पांच रन दूर रह गए, लेकिन नीचे के क्रम में मोहम्मद नबी ने मैच का पूरा रुख बदल दिया। 37 गेंदों में 62 रन की तूफानी पारी नबी ने 37 गेंदों में 62 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी शुरुआत धीमी रही, पर अंत के 14 गेंदों में उन्होंने चौकों और छक्कों की बरसात कर दी। नबी ने अपनी पारी में कई बेहतरीन शॉट्स लगाए और दर्शकों का दिल जीत लिया। यह पारी न सिर्फ मैच की दिशा बदल गई, बल्कि एक नया रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। मिस्बाह उल हक का रिकॉर्ड टूटा अब तक यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के मिस्बाह उल हक के नाम था, जिन्होंने 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 40 साल और 283 दिनों की उम्र में वनडे अर्धशतक लगाया था। लेकिन नबी ने यह उपलब्धि 14 अक्टूबर 2025 को बांग्लादेश के खिलाफ हासिल की, जब उनकी उम्र 40 साल और 286 दिन थी। अफगान क्रिकेट के लिए गौरव का क्षण नबी की इस पारी ने न सिर्फ अफगानिस्तान को बड़ी जीत दिलाई, बल्कि यह भी साबित किया कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए यह सीरीज ऐतिहासिक रही, जिसने बांग्लादेश को उसके ही घर में मात देकर अपना दबदबा दिखाया।

# महाभारत के कर्ण पंकज धीर का निधन




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद एक्टर ने कहा अलविदा, सह-कलाकार फिरोज खान ने जताया दुख टीवी इतिहास की सबसे चर्चित सीरीज 'महाभारत' में कर्ण का यादगार किरदार निभाने वाले अभिनेता पंकज धीर का निधन हो गया है। 68 साल की उम्र में उनका कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हुआ। यह दुखद खबर उनके सह-कलाकार और 'महाभारत' में अर्जुन की भूमिका निभाने वाले फिरोज खान ने इंस्टाग्राम पर साझा की। फिरोज खान ने कहा, "हां, यह सच है कि अब वे हमारे बीच नहीं रहे। व्यक्तिगत रूप से मैंने एक बेहद करीबी दोस्त खो दिया है। वह न सिर्फ अच्छे कलाकार थे, बल्कि बहुत अच्छे इंसान भी थे। मैं अब भी सदमे में हूं और समझ नहीं पा रहा कि क्या कहूं।" पंकज धीर का निधन बुधवार 15 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे हुआ। लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे पंकज ने हाल ही में बड़ी सर्जरी भी कराई थी। उनके जाने से इंडस्ट्री और उनके प्रशंसक शोक में हैं।

# पवन सिंह और ज्योति सिंह का विवाद बढ़ा




### भोजपुरी 'पावर स्टार' की शादी टूटने की कगार पर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार और राजनेता पवन सिंह तथा उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच चल रहा विवाद अब बेहद गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। दोनों के बीच तलाक का मामला अदालत में विचाराधीन है, और अब ज्योति सिंह ने अपने पति से 30 करोड़ रुपये गुजारा भत्ते (एलुमिनी) की मांग की है। इस मांग के बाद दोनों के बीच तनातनी और तेज हो गई है। चुनावी समय में बढ़ा विवाद खबरों के अनुसार, पवन सिंह की कानूनी टीम ने दावा किया है कि यह विवाद ऐसे समय में उठाया गया है जब नवंबर 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। टीम का कहना है कि ज्योति का यह कदम राजनीतिक रूप से प्रेरित हो सकता है। वहीं, ज्योति सिंह का कहना है कि उन्होंने यह मामला अपने आत्मसम्मान और न्याय के लिए दायर किया है। विवाद अब दो राज्यों की अदालतों में पहुंच गया है। पवन सिंह ने बिहार के आरा में तलाक की याचिका दायर की है, जबकि ज्योति सिंह ने उत्तर प्रदेश के बलिया में भरण-पोषण संबंधी मुकदमा दाखिल किया है। दोनों मामलों की सुनवाई फिलहाल जारी है। शुरुआत में ज्योति ने 5 करोड़ रुपये गुजारा भत्ते की मांग की थी, लेकिन अब यह आंकड़ा बढ़कर 30 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। ज्योति सिंह के गंभीर आरोप ज्योति ने पवन सिंह पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पवन ने उन्हें दो बार गर्भपात कराने का दबाव डाला और लगातार प्रताड़ित किया। ज्योति ने हाल ही में दावा किया कि अत्यधिक तनाव में उन्होंने 25 नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। हालांकि, पवन सिंह ने इन सभी आरोपों को झूठा और राजनीतिक साजिश बताया है। पहली पत्नी की मौत के बाद दूसरी शादी पवन सिंह की निजी जिंदगी हमेशा सुर्खियों में रही है। उनकी पहली पत्नी नीलम देवी ने शादी के कुछ ही महीनों बाद आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद पवन ने 2018 में ज्योति सिंह से विवाह किया। शुरुआती दिनों में सब कुछ ठीक रहा, लेकिन धीरे-धीरे रिश्तों में खटास बढ़ने लगी। सार्वजनिक रूप से फूटे आंसू हाल ही में ज्योति सिंह ने पवन के लखनऊ स्थित घर के बाहर आकर रोते हुए उन पर बेवफाई के आरोप लगाए। उनका कहना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पवन एक अन्य महिला के संपर्क में थे। पवन सिंह ने इन आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा कि यह सब उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने की चाल है।

### अपराध नियंत्रण में योगी सरकार की रणनीति और प्रभाव

# योगी सरकार में अपराधियों पर शिकंजा एनकाउंटर और कार्रवाई का आंकड़ा

**यूनिक समय, लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ की सरकार के आठ साल के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई की गई है। प्रदेश में कुल 15,726 एनकाउंटर हुए, जिनमें 31,960 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 10,324 अपराधी घायल हुए। इन एनकाउंटर में 256 दुर्दांत अपराधियों को ढेर किया गया। पुलिस ने अपराधियों से लोहा लेते हुए 18 शहीद हुए जबकि 1,754 पुलिसकर्मी घायल हुए। एनकाउंटर की कार्रवाई में सबसे ज्यादा सक्रियता मेरठ ज़ोन में रही, जहां 4,453 मुठभेड़ हुईं, 8,312 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 3,131 अपराधी घायल हुए। इसी दौरान 85 कुख्यात अपराधियों को मौके पर ही





ढेर किया गया। मेरठ में दो पुलिसकर्मी शहीद हुए जबकि 461 घायल हुए। दूसरे स्थान पर वाराणसी ज़ोन है, जहां 1,108 एनकाउंटर हुए, 2,128 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 27 अपराधी मारे गए। इस दौरान 688 अपराधी और 99 पुलिसकर्मी घायल हुए। तीसरे स्थान पर आगरा ज़ोन है, जिसमें 2,374 मुठभेड़ हुई, 5,631 अपराधियों को पकड़ा गया और 22 अपराधी ढेर हुए, साथ ही 816 अपराधी और 59 पुलिसकर्मी घायल हुए। लखनऊ ज़ोन में 846 मुठभेड़ में 17 अपराधी मारे गए, प्रयागराज ज़ोन में 572 एनकाउंटर में 10 अपराधी ढेर हुए। बरेली ज़ोन में 2,059 मुठभेड़ में 17, कानपुर ज़ोन में 717 मुठभेड़ में 12 और गोरखपुर ज़ोन में 642 मुठभेड़ में 8 अपराधियों को ढेर किया गया। लखनऊ कमिश्नरी में 138 मुठभेड़ में 12 अपराधी ढेर हुए, गौतमबुद्ध नगर में 1,117 मुठभेड़ में 9, वाराणसी कमिश्नरी में 131 मुठभेड़ में 7, कानपुर कमिश्नरी में 234 मुठभेड़ में 4 अपराधी मारे गए। आगरा कमिश्नरी में 458 मुठभेड़ में 7, गाजियाबाद कमिश्नरी में 736 मुठभेड़ में 13 और प्रयागराज कमिश्नरी में 141 मुठभेड़ में 6 अपराधियों को ढेर किया गया।

इस डेटा से स्पष्ट है कि यूपी पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया है और एनकाउंटर की सक्रियता मेरठ, वाराणसी और आगरा ज़ोन में सबसे अधिक रही।

# शेयर बाजार के झांसे में आए कारोबारी से 61 लाख की साइबर ठगी

**यूनिक समय, नोएडा।** नोएडा के सेक्टर–143 निवासी कारोबारी प्रथम अग्रवाल शेयर बाजार में निवेश के नाम पर साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने सोशल मीडिया पर फर्जी निवेश ग्रुप बनाकर प्रथम को विश्वास में लिया और नकली मुनाफे का झांसा देकर कुल 61 लाख रुपये ठग लिए। रकम अलग–अलग पांच बैंक खातों में ट्रांसफर कराई गई। प्रथम ने बताया कि अप्रैल 2025 में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक निवेश विज्ञापन देखा और दिए गए लिंक पर क्लिक कर व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए। ग्रुप में कई सदस्य भारी मुनाफा कमाने का दावा कर स्क्रीनशॉट शेयर कर रहे थे। इसके बाद एक व्यक्ति ने व्यक्तिगत चैट के जरिए उन्हें निवेश के लिए राजी किया। ठगों ने एक ऐप




डाउनलोड कराया जिसमें निवेश राशि पर लगातार बढ़ता मुनाफा दिखाया गया। जुलाई में जब प्रथम ने पैसे निकालने की कोशिश की, तो ठगों ने फर्जी टैक्स और चार्जेज का हवाला देकर और रकम जमा करने का दबाव बनाया। जब उन्होंने मना किया, तो संपर्क टूट गया और ठगी का खुलासा हुआ। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब तक कुछ राशि फ्रीज कराई गई है और बाकी फ्रीज करने का प्रयास जारी है।

# संभल में प्रशासन ने ढहाई 30 साल पुरानी मस्जिद

**यूनिक समय, संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में प्रशासन ने सैदनगली गांव में स्थित 30 साल पुरानी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया। यह मस्जिद पार्क की 262 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध तरीके से बनाई गई थी। प्रशासन की कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात रही। मामला चार महीने पहले अधिकारियों के ध्यान में आया था, जब ग्रामीणों ने अवैध निर्माण की शिकायत की। लेखपाल द्वारा जांच में पता चला कि मस्जिद का निर्माण सार्वजनिक पार्क की जमीन पर हुआ है। इसके बाद मस्जिद कमेटी को बुलडोजर कार्रवाई से पहले नोटिस दिया गया। मामला हाईकोर्ट पहुंचा तो अदालत ने स्टे देने से इनकार कर दिया। नायब तहसीलदार दीपक कुमार ने बताया कि पार्क की



जमीन पर मस्जिद का निर्माण अवैध था। कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए इसे ढहाया गया। मौके पर पूरी शांति बनी रही और प्रशासन ने पूरे इलाके को छावनी में बदल दिया। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह का विरोध नहीं हुआ। संभल प्रशासन का कहना है कि जिले में किसी भी अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून के तहत हर कार्रवाई की जाएगी।

### मिलेगा फ्री रसोई गैस सिलेंडर

# यूपी की महिलाओं के लिए दिवाली पर खुशखबरी

**यूनिक समय, लखनऊ।** यूपी की लाखों महिलाओं के लिए दिवाली के मौके पर खुशखबरी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य सरकार आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित परिवारों की महिलाओं को दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊके लोकभवन सभागार में इस योजना का शुभारंभ करेंगे और पात्र महिलाओं को फ्री सिलेंडर वितरित करेंगे। योजना के अनुसार यूपी की 1.86 करोड़ माताओं–बहनों को दो मुफ्त एलपीजी रिफिल दिए जाएंगे। इसका वितरण दो चरणों में होगा। पहला चरण अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025 तक होगा, यानी दिवाली के समय लाभ मिलेगा, जबकि दूसरा चरण जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक चलेगा, यानी होली पर लाभ



मिलेगा। वर्ष 2025–26 में योजना के लिए 1500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। दिवाली पर 1.23 करोड़ आधार प्रमाणित लाभार्थियों को फ्री सिलेंडर का लाभ मिलेगा। लाभार्थी पहले सिलेंडर खरीदेंगे और 3–4 दिनों के भीतर सब्सिडी राशि उनके आधार प्रमाणित बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी जाएगी। जिनके पास 5 किग्रा के सिलेंडर हैं, वे चाहें तो 14.2 किग्रा के सिलेंडर भी प्राप्त कर सकते हैं। आधार वेरिफिकेशन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिनका आधार प्रमाणित नहीं है, उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। वितरकों के पास अतिरिक्त लैपटॉप लगाए गए हैं और रोस्टर आधारित आधार सत्यापन प्रणाली लागू की गई है। योजना की प्रभावी निगरानी के लिए राज्य और जनपद स्तर पर समितियां गठित की गई हैं। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठकें होंगी और शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा, यह सुनिश्चित किया गया है कि लाभार्थियों को पूर्ण मात्रा 14.2 किग्रा में गैस मिले। यदि किसी सिलेंडर का वजन कम पाया जाता है, तो वितरक अपने संसाधन से उसे रिप्लेस करेंगे। बांट माप विभाग और जिला प्रशासन समय–समय पर वितरण की जांच करेंगे। इस योजना से यूपी की महिलाओं को दिवाली पर बड़ी राहत और सुविधा मिलने की उम्मीद है, जिससे उनके त्योहार की खुशियों में इजाफा होगा।

# उत्तर प्रदेश सरकार का खास टूर पैकेज, मात्र 1500 रुपये में अयोध्या यात्रा



### लाखों दीपों के संग भव्य अनुभव के लिए यूपी टूरिज्म का विशेष प्रबंध

**यूनिक समय, अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपोत्सव–2025 के अवसर पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष टूर पैकेज तैयार किया है। 19 अक्टूबर को अयोध्या के सरयू घाट पर 26 लाख से अधिक दीपों का प्रज्ज्वलन किया जाएगा। इस अवसर पर आतिशबाजी, आकर्षक लेजर शो और एरियल ड्रोन प्रदर्शन का आनंद भी लिया जा सकेगा।

यात्रा योजनाः इस पैकेज के तहत यात्रा लखनऊसे शुरू होगी और उसी दिन वापस लखनऊ लौटना सुनिश्चित किया गया है। 19 अक्टूबर को सुबह 11 बजे लखनऊ के होटल गोमती से श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना होंगे। दोपहर 2.30 बजे भोजन के बाद तीन बजे अयोध्या पहुंचकर राम की पैड़ी पर दीपोत्सव का भव्य समारोह देखा जाएगा। रात्रिभोज के पश्चात रात 11 बजे लखनऊ वापसी की यात्रा शुरू होगी। सुविधाएं और शुल्कः इस पैकेज का किराया केवल 1500 रुपये प्रति व्यक्ति है। इसमें परिवहन, गाइड, दो बार का भोजन, पीने का पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। हर आयुवर्ग के लिए उपयुक्तः पर्यटन विभाग की विशेष सचिव ईशा प्रिया ने बताया कि यह टूर हर उम्र के लोगों के लिए उपयुक्त है। परिवार, सीनियर सिटिजन्स और युवा सभी इसे पसंद कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, आध्यात्मिक और आनंददायक अनुभव प्रदान करना है। इस पैकेज के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या के दीपोत्सव को न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से बल्कि पर्यटन दृष्टि से भी सुलभ और यादगार बनाने का प्रयास कर रही है।

# अखिलेश यादव का हमला अगर बुलाएंगे तो बिहार जाएंगे



**यूनिक समय, लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में प्रेस वार्ता के दौरान योगी सरकार और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी फेसबुक अकाउंट को बिना कारण बंद किया गया, जबकि उन्होंने कोई अनुचित कंटेंट पोस्ट नहीं किया। अखिलेश ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष डिजिटल माध्यमों का उपयोग निगेटिविटी फैलाने के लिए कर रहा है। बिहार चुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने कहा, "अगर कोई बुलाएगा तो हम बिहार जाएंगे।" उन्होंने योगी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अयोध्या में बड़े पैमाने पर जमीनों की लूट हो रही है और आम लोगों तक सुविधाएं नहीं पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रीपेड मीटर लगाकर अपनी जेब भर रही है। अखिलेश ने कृषि और किसानों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस सरकार में कृषि मंत्री असमर्थ हैं और खाद की उपलब्धता का कोई पता नहीं है। नेताजी की सरकार में किसानों के लिए सबसे अधिक बजट था, लेकिन आज किसानों की मदद करने वाला कोई नहीं है। सपा प्रमुख ने सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस सुरक्षा के लिए है या जान लेने के लिए। कन्नौज में एक दसवीं कक्षा के छात्र ने पुलिस की डर से काली नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने कहा कि मरीजों को पर्याप्त इलाज नहीं मिलता, उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। उन्होंने सपा नेता आजम खान को सुरक्षा दिए जाने की भी मांग की। अखिलेश यादव ने यह स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी जनहित और कानून व्यवस्था के मुद्दों पर हमेशा आवाज उठाती रहेगी। इस प्रकार अखिलेश यादव ने बीजेपी और योगी सरकार पर तमाम मोर्चों पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपनी सियासी चेतावनी भी दी।

## 2026-28 के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया

# यूएनएचआरसी में भारत की धाक



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में 2026 से 2028 तक तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया है। यह भारत का सातवां कार्यकाल है। परिषद के चुनाव के नतीजे मंगलवार को घोषित किए गए। यूएनएचआरसी की आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, भारत का नया कार्यकाल एक जनवरी, 2026 से शुरू होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने सभी प्रतिनिधिमंडलों का धन्यवाद किया और कहा कि यह चुनाव मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हरीश ने कहा, "भारत आज सातवीं बार 2026-28 के कार्यकाल के लिए मानवाधिकार परिषद में चुना गया है। यह चुनाव अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा हमारे प्रयासों और दृष्टिकोण को स्वीकार किए जाने का प्रतीक है।" संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में कुल 47 सदस्य देश हैं, जिन्हें महासभा में समान भौगोलिक वितरण नियमों के तहत तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। भारत परिषद के गठन के बाद से इसका नियमित सदस्य रहा है, सिवाय 2011, 2018 और 2025 के। वर्ष 2006 में परिषद के पहले चुनाव में भारत को 190 में से 173 मत मिले थे और वह सबसे अधिक मतों से निर्वाचित हुआ था। इसके बाद भारत छह बार 2006-2007, 2008-2010, 2012-2014, 2015-2017, 2019-2021 और 2022-2024 में सदस्य रहा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने अन्य देशों के चुनाव के नतीजे भी जारी किए। अंगोला, चिली, इक्वाडोर, मिस्र, एस्टोनिया, इराक, इटली, मॉरीशस, पाकिस्तान, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और वियतनाम एक जनवरी, 2026 से शुरू होने वाले कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुने गए। विशेषज्ञों के अनुसार भारत का लगातार सातवां कार्यकाल इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों और लोकतंत्र के प्रति स्थिर दृष्टिकोण वाला देश साबित करता है। भारत की यह उपलब्धि न केवल कूटनीतिक क्षेत्र में बल्कि वैश्विक मंच पर उसकी साख और प्रभाव को भी मजबूत करती है।

# दिल्ली-एनसीआर में दिवाली पर ग्रीन पटाखों की इजाजत



### सिर्फ 18-20 अक्टूबर, सुबह 6-7 और रात 8-10 बजे तक ही पटाखे जलाने की अनुमति

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए दिवाली की खुशखबरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे जलाने और उनकी बिक्री की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ग्रीन पटाखों का उपयोग केवल 18 से 20 अक्टूबर तक और दिवाली से एक दिन पहले व दिवाली के दिन सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों की बिक्री केवल उन्हीं स्थानों पर होगी जिन्हें जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मिलकर तय करेंगे। इन स्थानों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार किया जाएगा। कोर्ट ने पुलिस और जिला प्रशासन को गश्ती दल (पेट्रोलिंग टीम) बनाने का निर्देश दिया है, जिसमें राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी शामिल होंगे। इन टीमों का काम होगा कि सिर्फ क्यूआर कोड वाले ग्रीन पटाखे ही बेचे जाएं। आदेश का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि बेरियम वाले पटाखे, लड़ी पटाखे और नीरी द्वारा अप्रूव न किए गए पटाखों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। ऑनलाइन या ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर पटाखों की बिक्री पर भी रोक रहेगी। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि नियमों का पालन नहीं होने पर दोबारा पूरी तरह बैन लगा दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि 14 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक हवा, मिट्टी और पानी की गुणवत्ता की रिपोर्ट केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तैयार करेंगे और कोर्ट में पेश करेंगे। कोर्ट ने अपने आदेश की प्रति दिल्ली-एनसीआर के सभी जिलों के कलेक्टरों को भेजने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद होगी।

# बिहार चुनावः पत्नियों ने दी सीट की कुर्बानी, पति बने उम्मीदवार



### मोकामा और गौरा बौराम सीट पर महिलाओं की जगह उनके पति मैदान में उतरे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। 6 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले सीट शेयरिंग और टिकट वितरण को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। इस बार दो सीटें ऐसी हैं जहां पत्नियों ने अपनी सीट का त्याग किया और उनके पति चुनावी मैदान में उतरे। पहली सीट मोकामा की है।

पिछले चुनाव में अनंत सिंह की सदस्यता रद्द होने के बाद उनकी पत्नी नीलम देवी ने उपचुनाव जीतकर विधायक बनीं। लेकिन इस बार अनंत सिंह जेल से बाहर आते ही खुद चुनाव लड़ने का ऐलान किया और उनकी पत्नी नीलम देवी की जगह खुद मैदान में उतरे। अनंत सिंह का आरोप है कि उनकी पत्नी क्षेत्र में पर्याप्त काम नहीं कर रही थीं और लोग उनसे नाखुश हैं। दूसरी सीट गौरा बौराम है। यहां विधायक स्वर्णा सिंह की जगह उनके पति सुजीत सिंह को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया। सुजीत सिंह पूर्व में चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर रह चुके हैं और हाल ही में भाजपा में शामिल हुए थे। स्वर्णा सिंह ने 2020 में विकासशील इंसान पार्टी के टिकट पर यह सीट जीती थी, जिसमें उन्हें 59,538 वोट मिले थे। इन दोनों सीटों पर महिलाओं ने अपने राजनीतिक करियर की कुर्बानी देकर अपने पति को टिकट दिलाया। इस कदम को लेकर राजनीतिक और सामाजिक रूप से चर्चा भी तेज है। इस प्रकार मोकामा और गौरा बौराम सीट पर पतिव्रता महिलाओं ने अपने पति को चुनावी मैदान में उतरने का मौका दिया। बिहार विधानसभा चुनाव में यह सीटें काफी राजनीतिक नजदीकी और दर्शनीय बन गई हैं।

# चार राज्यों में उपचुनावः बीजेपी ने घोषित किए उम्मीदवार



### झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बेटे को भी मिला टिकट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भाजपा ने चार राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। झारखंड की घाटशिला (सु) सीट से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को टिकट मिला है।

बाबूलाल पहले भी बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर में दो सीटों पर उपचुनाव होंगे। बडगाम से आगा सैयद मोहसिन और नगरोटा से देवयानी राणा बीजेपी उम्मीदवार बनाए गए हैं। बडगाम में उपचुनाव उमर अब्दुल्ला के इस्तीफे के कारण हो रहा है, जबकि नगरोटा में यह विधायक देवेंद्र सिंह राणा के निधन के बाद हो रहा है। ओडिशा की नुआपाड़ा सीट पर जय ढोलकिया और तेलंगाना की जुबली हिल्स सीट पर लंकाला दीपक रेड्डी बीजेपी उम्मीदवार हैं।

झारखंड की घाटशिला सीट पर उपचुनाव 11 नवंबर को होगा। यह सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित है। मतदान के बाद मतगणना 14 नवंबर को होगी। इस बार चुनाव में पांच सीटों पर उपचुनाव कराए जाएंगे।

# ट्रंप ने अर्जेंटीना को दी चेतावनी



### अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात में ट्रंप ने रखा स्पष्ट रुख

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली अमेरिका के दौरे पर हैं और इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से व्हाइट हाउस में मुलाकात की। इस बैठक में ट्रंप ने अर्जेंटीना को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी चुनावों के बाद देश की आंतरिक राजनीति अमेरिका के अनुरूप नहीं रही, तो अमेरिका उन्हें वित्तीय सहायता नहीं देगा। ट्रंप ने कहा कि अर्जेंटीना मेरे द्वारा देखे गए सबसे खूबसूरत देशों में से एक है और हम इसे सफल होते देखना चाहते हैं। ट्रंप ने माइली के एक वामपंथी प्रतिद्वंद्वी का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी विचारधारा ने अर्जेंटीना को समस्या में डाला है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के राष्ट्रपति, जो पेशे से अर्थशास्त्री हैं, "पूरी तरह मागा हैं, जिसका आशय इस बार "मेक अर्जेंटीना ग्रेट अगेन" से भी जोड़ा जा सकता है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर रहते हुए अन्य देशों के लोकतांत्रिक चुनावों पर टिप्पणी करना आम नहीं है। इसके बावजूद ट्रंप ने स्पष्ट किया कि यदि माइली हार जाते हैं तो अमेरिका ब्यूनस आयर्स के प्रति उदार नहीं रहेगा और अपना समय बर्बाद नहीं करेगा। वहीं, माइली ने कहा कि हम शांतिपूर्ण रास्ता अपनाकर अर्जेंटीना को समृद्धि का उदाहरण बना सकते हैं। अर्जेंटीना में इस वक्त सियासी घमासान छिड़ा हुआ है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन का मानना है कि आगामी मध्यावधि चुनावों में माइली का गठबंधन अच्छा प्रदर्शन करेगा और उनके सुधार एजेंडे को जारी रखेगा।

इस बीच विपक्ष की नेता और दो बार राष्ट्रपति रह चुकीं क्रिस्टीना फर्नांडीज डी किर्चनर ने सोशल मीडिया पर लिखा, "अर्जेंटीना के लोग जानते हैं कि क्या करना है!" पूर्व राष्ट्रपति भ्रष्टाचार के आरोप में नजरबंद हैं और छह साल की सजा काट रही हैं। ट्रंप की चेतावनी और अमेरिका का रुख अर्जेंटीना की सियासी हलचल को और बढ़ा रहा है।

## अचानक ब्रेक लगने से हादसा

# चेन्नई में एयरबैग ने ली मासूम की जान



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के थिरुपुरुर के पास सोमवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। सात साल के मासूम की केविन की कार का एयरबैग खुलने से मौत हो गई। बच्चा कार की अगली सीट पर अपने पिता की गोद में बैठा था। तभी आगे चल रही दूसरी कार ने अचानक ब्रेक लगाया और बच्चे की कार उससे टकरा गई। मासूम के विन अपने माता-पिता, ड्राइवर विग्नेश और दो अन्य लोगों के साथ कलपक्कम से शहर की ओर जा रहा था। घटना स्थल ओल्ड महाबलीपुरम रोड के अलाथुर पेट्रोल पंप के पास था। पुलिस के अनुसार, दूसरी कार के ड्राइवर सुरेश ने इंडिकेटर नहीं जलाया था और अचानक ब्रेक लगाने के कारण पीछे चल रही कार टकरा गई।

हादसे की जांच में खुलासाः टक्कर के दौरान आगे का एयरबैग खुल गया और बच्चे को जोर से लगा। हालांकि, टक्कर में किसी अन्य चोट की संभावना नहीं थी, लेकिन एयरबैग का झटका जानलेवा साबित हुआ। बच्चे को तिरुपुर सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पोस्टमॉर्टम और आगे की कार्रवाईः तिरुपुर पुलिस ने सुरेश के खिलाफ लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने के कारण मौत का मामला दर्ज किया।

शव को पोस्टमॉर्टम के लिए चेंगलपट्टू मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बच्चा एयरबैग के झटके से सदमा और रक्तस्राव का शिकार हुआ। पुलिस ने चेतावनी दी है कि बच्चों को कभी भी आगे की सीट पर बैठाना सुरक्षित नहीं है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। इस हादसे ने एक बार फिर सुरक्षा नियमों का पालन और वाहन में बच्चों की सुरक्षित बैठने की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

## त्यौहारों को लेकर पुलिस सतर्क

# एसएसपी ने शहर के बाजारों का भ्रमण कर देखी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** त्यौहारों पर अपराधियों द्वारा बाजारों सहित अन्य स्थानों पर की जाने वाली अपराधिक घटनाओं के मद्देनजर एसएसपी ने शहर के बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और सुरक्षा के इंतजामों के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। धनतेरस से लेकर छोटी दीपावली, बड़ी दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैय्या दौज के त्यौहारों पर बाजारों में दुकानों से खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ होगी। भीड़ का फायदा उठाकर चोर उच्चके वारदात को अंजाम दे सकते हैं। यही नहीं सड़कों पर लोगों के साथ लूट पाट जैसी वारदातें भी हो सकती है। इन सब को ध्यान में रखते हुए एसएसपी श्लोक कुमार ने एसपी सिटी राजीव कुमार, सीओ सिटी



बाजार का भ्रमण करते एसएसपी श्लोक कुमार एवं अन्य।

आशना चौधरी आईपीएस व कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा के साथ शहर के मुख्य बाजारों में गश्त करके व्यवस्था का जायजा लिया। त्यौहारों पर पुलिस द्वारा की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी की। उन्होंने ग्रामीण इलाकों के

### ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा के लिए दिए कड़े निर्देश

### 112 मोबाइलों को भी चौकसी के लिए किया गया अलर्ट

बाजारों में भी सुरक्षा के लिए सभी सीओ और थाना प्रभारी निरीक्षकों को बाजारों में पैदल गश्त करने के साथ–साथ अपराध करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सड़कों पर 112 तैनात की जाने वाली गाड़ियों और उन पर तैनात पुलिस कर्मियों को भी चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।





# दीपावली पर्व को लेकर थाना सुरीर पुलिस सतर्क



सुरीर में चेकिंग अभियान के दौरान थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह व अन्य।

### थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने चलाया चेकिंग अभियान

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना सुरीर पुलिस ने दीपावली त्यौहार को लेकर बुधवार थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक मुकेश कुमार तथा थाना पुलिस टीम ने शासनादेश के अनुपालन में क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर गहन जांच की। टेंटी गाँव सहित क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों और पूर्व में पंजीकृत अभियोगों से संबंधित घरों का निरीक्षण किया। इस दौरान संभावित आपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्कता बरतने का आदेश दिया। पुलिस टीम ने इसके बाद सुरीर कस्बा और प्रमुख बाजार क्षेत्रों में जाकर दुकानदारों से बातचीत की। थानाध्यक्ष ने कहा कि दीपावली जैसे बड़े पर्व पर असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। थाना क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# दीपावली पर सजने लगे जुए के अड्डे

### जुआ खेल कर लोग आजमाते हैं किस्मत

### करोड़ों का खेला जाएगा जुआ

**यूनिक समय, मथुरा।** दीपावली पर जुआ खिलाने वालों ने जगहों का इंतजाम करना शुरू कर दिया है। दीपावली पर जुए में करोड़ों की हार जीत होती है। दीपावली पर जुआ खेलने के लिए बहुत से लोग पूरे साल इंतजार करते हैं। दीपावली पर जुआ खेलकर वो अपनी किस्मत को आजमाते हैं। यही वजह है दीपावली त्यौहार के आने से पहले ही जुआ खेलने वालों के अड्डे खुल जाते हैं। इन अड्डों पर जुआरियों को खाने पीने की हर चीज उपलब्ध होती है। ये बात दीगर है कि उन्हें इन सब का भुगतान अधिक करना होता है। जुआ खिलाने वाला भी जुआरियों से कुछ रकम लेता है। इस तरह के अड्डे शहर में मकानों और होटल व गेस्ट हाउस के कमरों में होते हैं। इन स्थानों पर बिना मुखबिर के पुलिस का पहुंचना मुश्किल होता है। यही नहीं कुछ ग्रामीण इलाके के जंगलों में भी बड़े पैमाने पर जुआ खेला जाता है। इन स्थानों पर जुआ खेलने वाले अपनी कारों स्कूटरों व बाइकों से पहुंचते हैं।

पुलिस ने पिछले दिनों एक छापे मारी में इस तरह के एक स्थान पर छापा मारकर कई कार स्कूटर व मोटरसाइकिलों के साथ कई जुआरियों को गिरफ्तार किया था।

दीपावली पर पुलिस हालांकि रात में गलियों में गश्त करती है, लेकिन बंद मकानों और दूसरे स्थानों पर खेले जाने वाले जुए का पता नहीं लगता है। वजह है इन स्थानों पर जुआरियों को रात में सोने तक की सुविधाएं मौजूद होती हैं।

### बाइक टेंपो भिड़े, दो घायल

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के अटल्ला चुंगी चौराहा पर बाइक को टेंपो ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

# खील, बतासे और चीनी के खिलौने की दुकानें सजने लगीं



खील, बतासे और चीनी के खिलौने बेचता दुकानदार।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** दीपोत्सव आते बाजारों में खील, बतासे और चीनी के खिलौने की दुकानें सजने लगीं है। शहर के प्रमुख बाजारों के साथ मौहल्लों में ऐसी दुकानें नजर आने लगी है। वजह है कि माता लक्ष्मी, गणेश और सरस्वती के भोग में खील, बतासे और चीनी से बने खिलौनों का बड़ा महत्व है। दुकानदार राम नरेश का कहना है कि खील, बतासे और चीनी के खिलौने बेचकर ही परिवार का पालन पोषण करते हैं।

# बांके बिहारी में श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ी, मौत

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृंदावन स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने आए एक श्रद्धालु की तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल में मौत हो गई। गेट नंबर चार पर आते ही श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ गई थी। कुछ देर बाद ही श्रद्धालु की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# सदभावना ब्लड बैंक ने लगाया रक्तदान शिविर



शिविर में रक्तदान करते युवक।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री गंगाराम जोशी विद्यालय सकरवा में रक्तदान शिविर लगाया। शिविर का उद्घाटन ब्लड बैंक के डायरेक्टर संजीव सारस्वत एवं श्री गंगाराम जोशी विद्यालय के प्रिंसिपल चंद्रशेखर शर्मा ने किया। मोनू चौधरी ने सभी रक्त वीरों का स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सदभावना ब्लड बैंक टीम के डॉ. प्रदीप पाराशर, तरुण, सुशील, रिंकू, राहुल, धर्मेंद्र तथा नितिन आदि का सहयोग रहा।

# सोने–चांदी के साथ जमीनों की भी बढ़ रही कीमत

प्रमुख संवाददाता

### निवेश करने वालों की हो रही है बल्ले–बल्ले

### खेत अब बीघा और एकड़ में नहीं प्लॉटों में बिक रहे

**यूनिक समय, मथुरा।** सोने और चांदी की बढ़ती कीमतों के साथ जिले के कई क्षेत्रों में जमीन की कीमत काफी उछाल मार रही हैं। कीमतों को सुनकर लोग चौंक रहे हैं। आखिरकार यह कीमत कहां तक पहुंचेगी। किसी को पता नहीं हैं। इस समय सोने और चांदी की कीमत रोजाना नए रिकॉर्ड बना रही हैं। इनकी कीमतों को लेकर आम लोगों में चर्चा होने लगी हैं। इन चर्चाओं के बीच मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, कोसीकलां, गोकुल, बलदेव, पानी गांव एवं फरह क्षेत्र में जमीन की कीमत लगातार बढ़ रही हैं। जमीनों की खरीद फरोख्त में दिलचस्पी रखने वालों की मानें तो इस समय दिल्ली, पंजाब, हरियाणा समेत कई और राज्यों के धनाढ्य लोगों के खरीद फरोख्त से उक्त क्षेत्रों में जमीनों के रेट आसमान छू रहे हैं। वृंदावन में इस समय जमीनों के रेट सर्किल दरों से काफी अधिक चल रहे हैं। कहीं एक लाख रुपये गज, कहीं, डेढ़ लाख रुपये गज, कहीं दो लाख रुपये प्रति गज की दर से रेट चल रहे हैं। इसी तरह से छटीकरा से गोवर्धन मार्ग पर जमीनों की कीमतों में आग लगी है। फरह से लेकर कोसीकलां के मध्य हाईवे किनारे वाले खेत अब बीघा और एकड़ के हिसाब से नहीं बल्कि प्लॉट बनाकर गज के हिसाब से बिक रहे हैं। यह भी देखने में आ रहा है कि कई लोगों ने सस्ते दरों के चक्कर में जमीनों में निवेश किया और धोखे के शिकार हो गए। छाता–गोवर्धन, गोवर्धन–बरसाना, गोवर्धन–डीग मार्ग पर जमीनों के रेट बढ़ते जा रहे हैं। कोसीकलां के औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां भी हाईवे किनारे कई कॉलोनियां विकसित हो गई है। इन कॉलोनियों में भी प्लॉटों के कीमत आसमान छू रही हैं। अब योगी सरकार की ठाकुर बांके बिहारी की नगरी वृंदावन को देखते हुए यमुना एक्सप्रेस वे के आसपास बनाई जा रही योजनाओं के कारण इस क्षेत्र की जमीनों की कीमत ऐसी बढ़ी है कि लोकल आदमी चौंक रहा है। मांट तहसील क्षेत्र के गाम जहांगीरपुर और बेलवन के खेतों की कीमत आसमान में पहुंच रही है। वहां कई लोगों ने किसानों से जमीनों की सौदेबाजी कर ली है। जमीनों की बढ़ती कीमतों को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं कि वह जमीनों में निवेश करें या फिर सोने अथवा चांदी में।

### श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**यूनिक समय, वृन्दावन।** अक्रूर ग्राम स्थित प्राचीन श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रीहनुमद् आराधन मण्डल के द्वारा मण्डल का चौदहवां वार्षिकोत्सव संतों–विद्वानों एवं धर्माचार्यों की उपस्थित में श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इसका शुभारंभ श्रीहनुमान की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के पूजन–अर्चन के साथ मनाया गया। विद्वानों द्वारा 108 बत्तियों से महाआरती कर सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया। श्रीहनुमानजी की झांकी नृत्य की अत्यंत मनमोहक व चित्ताकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर मनोज मोहन शास्त्री, विपिन बापू, जगद्गुरु पीपाद्वाराचार्य बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज, विजयराम देवाचार्य, कृष्ण चंद्र शास्त्री, डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, मथुरा–वृन्दावन नगर निगम के उप–सभापति मुकेश सारस्वत, राम वल्लभ शर्मा, प्रमोद गौतम, अशोक शास्त्री, युगल किशोर कटारे, बिहारीलाल शास्त्री आदि लोग मौजूद रहे।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:– यूनिक बिल्डिंग, 289–290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक–पवन गौतम। फोन नंबर–0565–2420150, मो। 9837155888 E-mail : newsuniquesamay@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053